हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार 28 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 38.8 डिग्री
न्यूनतम 20.4 डिग्री



10 अधिवक्ता संघ के चुनाव में नाम वापसी के बाद 64 ...



12 निगम आयुक्त को हटाने के संकल्प के बाद अब ...











दो मदरसे और चार निजी स्कूल शामिल, जिला शिक्षा विभाग करेगा कार्रवाई

# सीजी की मान्यता और सीबीएसई के नाम पर आधा दर्जन निजी स्कूलों ने नहीं दी बोर्ड परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

*पांचवीं-आठवीं केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को शामिल किया गया है लेकिन आधा दर्जन स्कूल ऐसे हैं जो परीक्षा में अपने विद्यार्थियों को बिठाया ही नहीं। इसमें दो मदरसे और चार निजी स्कूल शामिल हैं।*

हैरत की बात यह है कि जब जिला शिक्षा विभाग ने दोनों मदरसे के संचालकों से जानकारी मांगी तो उन्होने मदरसे में विद्यार्थी ही नहीं होने की बात कह दी। वहीं चार निजी स्कूल अपने विद्यार्थियों को सीबीएसई से संबद्धता के नाम पर पढ़ाई करवा रहे हैं जबकि उनकी मान्यता सीजी बोर्ड से ली गई है। पालकों के बीच पोल न खुल जाए इसलिए इस बोर्ड परीक्षा में अपने स्कूल के विद्यार्थियों को बिठाया नहीं।



### ये मदरसे व निजी स्कूल नहीं हुए परीक्षा में शामिल

जेकेएस प्राइमरी स्कूल मरोदा, मोन्टेना वेली इंटरनेशनल स्कूल भिलाई तीन , आईपीएस स्कूल शिवपुरी, आईडियल इंटरनेशल स्कूल दुर्ग केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं हुए हैं। जेकेएस प्राइमरी स्कूल मरोदा में पाचवीं तक स्कूल संचालित हो रहे हैं। मोन्टेना वेली इंटरनेशल स्कूल में भी पांचवीं तक संचालन किया जा रहा है। आईपीएस शिवपुरी में पांचवीं दोनों की परीक्षाएं नहीं दी गई। आईडल इंटरनेशल स्कूल में आठवीं तक संचालन होता है। दारूल हुसैनिया चिश्तिया मदरसा मरोदा स्टेशन और सेक्टर 6 स्थित मदरसा राहत अलीमा परीक्षा में शामिल नहीं हुए हैं। मरोदा स्टेशन में पाचवीं तक और सेक्टर 6 मदरसा आठवीं तक संचालित होते हैं।

### 830 निजी स्कूलों में हो रही है केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा

पांचवी- आठवीं बोर्ड केंद्रीयकृत परीक्षा 16 व 17 मार्च से शुरू हो गई है। इस बार दुर्ग जिले के 830 निजी स्कूल इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इन स्कूलों के 15 हजार 887 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे हैं। दोनों की कक्षाओं के सरकारी और गैरसरकारी मिलाकर 45 हजार 851 विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। कक्षा पांचवीं की परीक्षा में कुल 23,151 विद्यार्थी दे रहे हैं । इनमें 14,480 सरकारी और 8,671 निजी स्कूलों के छात्र हैं। वहीं कक्षा आठवीं की परीक्षा में 22,700 विद्यार्थी शामिल हो रहें हैं जिनमें 15,486 सरकारी और 7,216 निजी स्कूलों के छात्र शामिल हैं।

### पांचवी की परीक्षा समाप्त

केंद्रीयकृत पांचवी बोर्ड की परीक्षा 16 मार्च से शुरू हुई है। पर्यावरण अध्ययन विषय की परीक्षा के साथ 25 मार्च को समाप्त हो गई। इसी तरह आठवीं बोर्ड की परीक्षा संस्कृत, उर्दू विषय की परीक्षा के साथ 6 अप्रैल को खत्म हो जाएगी। पाचवीं में गणित, अंग्रेजी, पर्यावरण और हिन्दी विषय की परीक्षा हो चुकी है। आठवीं कक्षा की भी गणित, हिंदी 20 मार्च और अंग्रेजी विषय की परीक्षा ली जा चुकी है। सामाजिक विज्ञान 30 मार्च सोमवार, विज्ञान 2 अप्रैल गुरुवार तथा संस्कृत/उर्दू विषय की परीक्षा 6 अप्रैल सोमवार को होगी।

### ऐसे स्कूलों पर होगी कार्रवाई

"राज्य शासन का यह स्पष्ट आदेश है कि जो स्कूल सीजी बोर्ड से मान्यता लेकर स्कूल संचालित कर रहे हैं उन्हे पांचवी व आठवीं केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है। इस आदेश को सभी निजी स्कूलों को जानकारी पहले ही दे दी गई थी। जो स्कूल या मदरसे पांचवी या आठवीं की केंद्रीयकृत परीक्षा में शामिल नहीं हुए हैं उन्हे नोटिस भेज दिए हैं। नोटिस के जवाब के बाद राज्य के निर्देश के तहत कार्रवाई होगी।

**-अरविंद कुमार मिश्रा**, जिला शिक्षा अधिकारी

# राइस मिलरों की टैगिंग नहीं, हथखोज गोदाम में चावल जमा करना बंद, 20 साल से हो रहा था चावल जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

राइस मिलरों की टैगिंग नहीं होने की वजह से 20 साल पुराना हथखोज गोदाम बंद हो गया है। इस गोदाम में चावल जमा नहीं किया जा रहा है। जिसकी वजह से 400 मजदूरों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। इन सभी हमालों का जिविकोपार्जन औद्योगिक क्षेत्र हथखोज में स्थित नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम में कार्य करने पर निर्भर था लेकिन अब उनके पास कोई काम नहीं रह गया है। नागरिक आपूर्ति निगम ने इस वर्ष इस गोदाम से मिलरों का टैगिंग नहीं किया है, नतीजन यहां चावल का भण्डारण नहीं होने से वहां काम कर रहे हमालों के पास कोई काम नहीं रह गया है। नागरिक आपूर्ति निगम के अप्रत्याशित निर्णय के तहत हथखोज गोदाम में चावल जमा नहीं

■ सेंट्रल से नियमों के बदलाव को मार्कफेड कर रहा फॉलो

करने से कोई काम मिलना बंद हो गया है । मजदूरों के परिवार का भरण पोषण और बच्चों की शिक्षा दीक्षा में प्रश्न चिन्ह उभर आया है। लम्बे समय से यहां हमाली करने वालों को यह समझ नहीं आ रहा है कि अब आधी उम्र बीतने के बाद वे कहां जाकर काम शुरू करें।

### 400 हमालों के समक्ष रोजी-रोटी का भी संकट

#### 2006 से हो रहा था चावल का भंडारण

हथखोज में छ.ग. राज्य भण्डार गृह निगम के द्वारा किराए पर लेकर नागरिक आपूर्ति निगम का चावल वर्ष 2006 से भण्डारित किया जा रहा था। यह गोदाम ट्रांसपोर्ट नगर, हथखोज के बाजू में है जहां ट्रकों के आवागमन की सुविधा चौबीसों घण्टे रहती है। यहां हमाल पर्याप्त मात्रा में उपलबों होने के कारण चावल की अनलोडिंग, लोडिग एवं स्टेकिंग की सुविधा अन्य गोदामों की तुलनों में काम शीघ्र होता है।

#### हमालों ने लगाई गुहार

हमाल संघ ने इसकी गुहार पत्र के माध्यम से प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णु देव साय , खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव , दुर्ग सांसद विजय बघेल , स्थानीय विधायक डोमन लाल कोर्सवाड़ा, कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह, नान के चेयरमैन संजय श्रीवास्तव, मार्कफेड के चेरयमैन शशिकांत द्विवेदी , मार्कफेड के एम.डी. जितेन्द्र शुक्ला एवं नान के एमडी से लगाई है। उन्होने अपील की है कि हथखोज गोदाम में फिर से चावल का भंडारण, चालू करवाया जाए जिससे उनको रोजगार मिले तथा उनके परिवार का भरण पोषण तथा बच्चों की शिक्षा दीक्षा हो सके।

नियमों में बदलावः मार्कफेड के अधिकारी दीपिका जायसवाल कहा कि सेंट्रल से नियमों बदलाव आया है। इसलिए हथखोज गोदाम के लिए टैगिंग नहीं की गई है।

## चोरी करने वाले दो युवक पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

मकान का ताला तोड़कर सामान पार करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि श्याम नगर तेलगू मोहल्ला कैम्प 1 निवासी यू. येल्लमा के मकान में 8 फरवरी मकान में ताला जड़कर विशाखापटनम गई थी। वापस आने पर मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। घटना की शिकायत पुलिस से की थी। जांच में पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया। पुलिस ने शास्त्री नगर कैम्प 1 निवासी विवेक मिश्रा, सुंदर नगर कैम्प 1 एस. जगन और अपचार बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आरोपियों के पास से पुलिस ने एलईडी टीवी, होम थिएटर, चांदी का कड़ा, चांदी का कटोरा, 16 पीतल के ग्लास, 6 नग पीतल की गुंडी, 6 पीतल का लोटा, 3 प्याला जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 45 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपियों से एलईडी टीवी, होम थिएटर, सोने-चांदी के आभूषण सहित अन्य सामान जब्त किया गया।

## मामूली विवाद में प्राणघातक हमला मौत के बाद आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

जेवरा सिरसा का मामला

विवाद के चलते मजदूर पर प्राणघातक हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया था। उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस आरोपी को तुरंत गिरफ्तार किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि ग्राम समोदा निवासी गोविंद यादव 20 मार्च को आरोपी समोदा के परमेंद यादव राइस मिल में काम करता है। नशे की हालत में गोविंद पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घायल मजदूर गोविंद को श्री शंकराचार्य अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 6 दिनों बाद मजदूर की मौत हो गई। आरोपी परमेश्वर यादव के नशे में काम को लेकर मृतक से विवाद कर रहा था। मौत के बाद जेवरा सिरसा पुलिस ने तुंरत आरोपी की खोजबीन कर उसे पकड़ लिया।

शासन के आदेश की अनदेखी

# ट्रांसफर आदेश के बाद भी पद पर डटे हुए हैं सुपेला अस्पताल प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

लाल बहादुर शास्त्री सुपेला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीयम सिंह शासन के आदेश के बाद भी अपने मूल पदस्थापना नहीं लौट रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय छत्तीसगढ़ शासन ने 102 डॉक्टर व कर्मचारियों को तत्काल मूल पदस्थापना में लौटने का आदेश जारी किया था। 19 मार्च को सीएमएचओ दुर्ग द्वारा सभी डॉक्टर व कर्मचारियों इस आदेश का पालन कराने के बाद भी डॉ. पीयम सिंह अपने पद पर जमे हुए हैं। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग द्वारा विगत 19 मार्च को जारी आदेश में स्पष्ट लिखा गया है कि 12 मार्च 2026 को स्वास्थ्य सेवाओं में संलग्नीकरण समाप्त करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके मूल पदस्थापना स्थल पर लौटने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में सुपेला अस्पताल के प्रभारी डॉ. पीयम सिंह का भी स्थानांतरण आदेश जारी किया गया, लेकिन वे अपने पद पर बने हुए हैं। इस बारे में जब चिकित्सक अधीक्षक डॉ. पीयम सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस संबंध में कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ।




3 फरवरी 26 को प्रकाशित | 18 मार्च 26 को प्रकाशित

### फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने का आरोप



कुछ माह पहले सुपेला अस्पताल में एक मृत व्यक्ति का मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने का मामला गर्माया था। वह सर्टिफिकेट अस्पताल के चिकित्साधीक्षक डॉ. पीयम सिंह ने बताया था। सीएमएचओ की जांच में भी यह स्पष्ट हुआ है। हरिभूमि ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था।

### मूल पदस्थापना में तत्काल लौटने का आदेश

ट्रांसफर आदेश में नयमित अधिकारी और कर्मचारी के 61 तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 41 सहित कुल 102 के नाम हैं। आदेश में साफ-साफ उल्लेख है कि निम्नलिखित समस्त अधिकारी और कर्मचारियों का संलग्नीकरण तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है तथा मूल पदस्थापना स्थल के लिए कार्यमुक्त करते हुए आदेशित किया जाता है। तीन दिन के अंदर अपने मूल पदस्थापना स्थल में कार्यभार ग्रहण करना सुनिश्चित करें।




**खबर संक्षेप**

## ऊर्जा संकट और खाद समस्या से निपटने गोबर खरीदी करने की मांग



जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के उपाध्यक्ष विशाल देशमुख ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर प्रदेश में संभावित ऊर्जा संकट और खाद की कमी से निपटने के लिए गौठानों को पुनः सक्रिय करने की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि पिछले एक माह से मध्य एशिया में जारी युद्ध के कारण भारत को तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इसके चलते देश में ऊर्जा संकट की स्थिति बन रही है और आने वाले समय में पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की किल्लत होने की आशंका है। देशमुख ने यह भी उल्लेख किया कि यूरिया खाद के निर्माण के लिए आवश्यक गैस, फास्फेट और पोटाश जैसे कच्चे पदार्थों की आपूर्ति भी मुख्यतः विदेशों से होती है, जिसमें बाधा आने की संभावना है। इससे किसानों को खाद संकट का सामना करना पड़ सकता है। इस स्थिति को देखते हुए उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि छत्तीसगढ़ में गौठानों के माध्यम से गोबर खरीदी तत्काल प्रारंभ की जाए। गोबर से कंडे (उपले) बनाकर उज्ज्वला गैस उपभोक्ताओं एवं आम नागरिकों को रियायती दर पर उपलब्ध कराया जा सकता है।

### 4 बार की अध्यक्ष नीता जैन और 4 बार के सचिव रविशंकर सिंह फिर मैदान में

# अधिवक्ता संघ के चुनाव में नाम वापसी के बाद 64 मैदान में, 4 को मतदान, 5 को मतगणना

**अध्यक्ष पद के लिए 8 प्रत्याशी मैदान में, जनसंपर्क का दौर शुरू**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। शुक्रवार को नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों ने संपर्क साधना शुरू कर दिया है। अध्यक्ष पद के लिए 8, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए 7, महिला उपाध्यक्ष के लिए 5, सचिव के लिए तीन, कोषाध्यक्ष के लिए 4, सहसचिव समान्य के लिए चार, महिला के लिए तीन, ग्रंथपाल तीन, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव के लिए दो, महिला वर्ग के लिए तीन मैदान में हैं। इसी प्रकार कार्यकारिणी सदस्य के लिए 18 और महिला कार्यकारिणी सदस्य के लिए 4 ने दावेदारी ठोकी है। बता दें कि अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर जोरआजमाइश शुरू हो चुकी है।

कोषाध्यक्ष पद के लिए नामांकन फार्म खरीदने वाले साबिर चौहान ने फार्म ही नहीं जमा किया। इसके अलावा राकेश यदु सहसचिव और ज्ञानप्रकाश तिवारी ग्रंथालय सचिव के पद पर चुनाव लड़ रहे हैं।



### कार्यकारिणी सदस्य के लिए 18 लोगों ने लिए फार्म

कार्यकारिणी सदस्य के लिए गुरुवार को ही 18 सदस्यों ने फार्म लिए। इनमें राजकुमार गुप्ता, मुकेश पांडेय, यीतेंद्र राजपूत, आनंद तिवारी, राजेश नायक, केशव वर्मा, शिव कुमार उइके, अमर जैन, बबीता गिरी, आदित्य चंद्रपक्षी, संजय विश्वकर्मा, अपर्णा मुखर्जी, जीवन लाल कोठले, कमल नयन चतुर्वेदी, शमीम बानो रिजवी, रविश राजपूत, निखिल सिंह, रंजित मिश्रा शामिल हैं। महिला वर्ग के लिए अनामिका गुहाराम, बॉबी ठाकरे, पुष्पा मोरिषा, गायत्री उपाध्याय शामिल हैं। शुक्रवार की दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक नाम वापसी की पूरी प्रक्रिया हुई। 4 अप्रैल को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बार रूम क्रमांक 4 में मतदान होगा। 5 अप्रैल को सुबह 9 बजे से मतगणना और इसके अगले दिन यानी 6 अप्रैल को कार्यकारिणी सदस्यों के मतों की गणना होगी।



### अध्यक्ष पद के लिए 8 अधिवक्ताओं ने फॉर्म लिया

जानकारी के मुताबिक अध्यक्ष पद के लिए उमा भारती साहू, नीता जैन, मधूप शर्मा, गुलाब सिंह पटेल, संगीता सिंह, गिरीश चंद्र शर्मा, रमेश शर्मा, देवेंद्र गुप्ता मैदान में हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए प्रमोद फिलिप्स, प्रशांत जोशी, नीरज सिंह राठौर, चंद्रकांत चंदेल, पं. अजय मिश्रा, दिनेश सिंह राजपूत, बृजेश शुक्ला, महिलाओं में जया कुमारी श्रीवास्तव, रेखा रॉय, गुंजा सोनी, ललिता जोशी, सचिव रविशंक सिंह, हेमंत मिश्रा, विजय चौधरी, कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल, साकेत मिश्रा, अमित अग्ने, प्रशांत अग्रवाल, सहसचिव कृष्णराज चंदेल, सुमित रंजन दत्ता, राकेश यादव, राकेश यदु, महिलाओं में शशि यादव, संध्या, पूनम ताम्रकार, ग्रंथपाल के लिए ढालसिंह देवांगन, अजय शर्मा, ज्ञान प्रकाश तिवारी, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव के लिए रविशंकर मानिकपुरी, गुरुमीत सिंह, महिला वर्ग के लिए मोनिका सिंह, दशोदा, किरण गुप्ता शामिल हैं।

## आने वाला समय सहकारिता का, ग्रामोद्योग के साथ मिलकर करेगा काम, बढ़ेगी निर्भरता




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के प्रधान कार्यालय के नए भवन का मंत्री गजेंद्र यादव ने भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने की। महापौर अल्का बघमार, बीजेपी के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, नरेश यदु, शिव चन्द्राकर, रमाकांत द्विवेदी, टिकाराम साहू, दुर्ग जनपद अध्यक्ष खिलेश्वरी देवांगन सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

▪ मंत्री ने किया सहकारी बैंक के नए भवन का भूमिपूजन

बैंक के सीईओ एसके वर्मा ने कहा गया कि 11 महिने में 2.77 करोड़ की लागत से तीन मंजिला भव्य भवन शीघ्र निर्मित होगा। प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि सहकारिता किसानों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए है और इसी क्रम में बैंक मुख्यालय के नवीन भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ पूजन अत्यंत हर्ष का विषय है। उन्होंने अत्यंत कम समय में मंत्री जी द्वारा बैंक आगमन के लिए समय देने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। गजेन्द्र यादव ने कहा कि रामनवमीं के अवसर पर काम शुरू हुआ है। सहकारिता के क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं सहित भवन का निर्माण होने से किसानों को सुविधाएं मिलेगी। आने वाले समय में ग्रामोद्योग एवं सहकारिता मिलकर कार्य करेंगे। समितियों के भण्डारण क्षमता में वृद्धि के लिए संयुक्त रूप से प्रयास करेंगे। आभार प्रदर्शन नरेश यदु और मंच संचालन हृदेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर पवन शर्मा, दिलीप साहू, शिवेन्द्र परिहार, साजन जोसेफ, श्यामलाल साहू, बैंक अधिकारी कुसुम ठाकुर, केके नायक, धीरेन्द्र देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

## मोबाइल वैन और माइक के माध्यम से उपभोक्ताओं को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर दुर्ग नगर संभाग में युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। कार्यपालन अभियंता रवि कुमार दानी ने बताया कि नगर संभाग दुर्ग के अंतर्गत आने वाले बोरसी, बघेरा, दुर्ग शहर और जवाहर नगर जोन में 13 मार्च से निरंतर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए मोबाइल वैन और माइक के माध्यम से पात्र उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है।

▪ 31 तक पात्र उपभोक्ताओं को जोड़ने का है लक्ष्य




### पात्र बीपीएल उपभोक्ता ने कराया पंजीयन

संभाग के सभी 84 पात्र बीपीएल उपभोक्ताओं और 7 पात्र कृषि उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया है। आंकड़ों के अनुसार, बीपीएल श्रेणी में 6 उपभोक्ताओं ने 2200 रुपए, कृषि श्रेणी में 5 उपभोक्ताओं ने 20103 रुपए और एपीएल श्रेणी के 180 पात्र उपभोक्ताओं में से 86 के पंजीयन के साथ 24 उपभोक्ताओं ने 24,800 रुपए की राशि जमा कर दी है। विभाग का मुख्य फोकस अब शेष एपीएल उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने पर है।

### मीटर रीडर घर जाकर कर रहे संपर्क

दानी ने बताया कि योजना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विभागीय टीम और मीटर रीडर घर-घर जाकर पात्र उपभोक्ताओं से सीधा संपर्क कर रहे हैं। इस कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले और उपभोक्ताओं को योजना में शामिल करने हेतु प्रेरित करने वाले मीटर रीडरों के लिए प्रोत्साहन राशि का भी प्रावधान किया गया है। 31 मार्च तक संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी पात्र उपभोक्ताओं को इस योजना के दायरे में लाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस छूट का लाभ उठा सकें।

## मोदी सरकार का श्रीराम नवमी पर एक ऐतिहासिक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने पेट्रोल और डीजल पर भारी कटौती करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं पूरी केन्द्र सरकार के प्रति छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से आभार माना है और इस ऐतिहासिक फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने ईंधन पर उत्पाद शुल्क में भारी कटौती की है।

▪ केन्द्र सरकार ने ईंधन पर उत्पाद शुल्क में की कटौती

पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 10 रुपए घटाकर मात्र 3 रुपए कर दिया गया है, जबकि डीजल पर शुल्क पूरी तरह समाप्त कर शून्य कर दिया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि वैश्विक संकट के इस दौर में भी केन्द्र सरकार ने यह निर्णायक कदम सुनिश्चित किया है कि आम उपभोक्ताओं पर कोई अतिरिक्त बोझ न पड़े। पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम होने से इसका लाभ देश की 140 करोड़ जनता को होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक संकट के दौर में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार जनता के हितों को सर्वोपरि रखते हुए यह निर्णय लिया है इसके लिए पुनः केन्द्र की मोदी सरकार को बधाई।

## विद्यार्थियों ने जाना कैसे करें खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई




स्वस्थ आहार, स्वस्थ जीवन अभियान के तहत पीएमश्री, सेजेस बोरी में विविध कार्यक्रम आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को पोषण और खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान करने के लिए सरल विधियों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही खाद्य पदार्थों के पैकेट पर लिखे पोषण लेवल को पढ़ना तथा उसके मात्रा को समझाया गया। विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी पोस्टर मेकिंग और बिना आग के खाना पकाना जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शाला में पोषण कार्नर स्थल का निर्माण किया गया और मिलेट्स के उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई।

▪ स्वस्थ आहार, स्वस्थ जीवन पर विविध कार्यक्रम

वक्ता के रूप में डॉ. तृप्ती द्विवेदी शासकीय आयुष चिकित्सा अधिकारी दुर्ग, डॉ. सरला बांधे शासकीय आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी दुर्ग ने व्याख्यान दिया। इस अवसर पर संगीता सहायक चिकित्सा अधिकारी दुर्ग अधिकारी भी उपस्थित थी। अंत में सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। शाला के प्राचार्य राम सिंह द्वारा अतिथि विशेषज्ञों का सम्मान किया गया। इस अवसर व्याख्याता गुलनाज बानो, धीरजा चौधरी, तारकेश्वरी साहू, छाया सिंह, हेमलता साहू, दीपिका बघेल सहित समस्त स्टाफ मौजूद थे।

## ग्रामीण कांग्रेस के 61 पदाधिकारियों को प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण ने संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा एवं ऐतिहासिक कदम उठाया है। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने जिला कार्यकारिणी के 61 पदाधिकारियों को विभिन्न संगठनात्मक प्रभार सौंपते हुए संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय करने का रोडमैप तय किया है। 9 ब्लॉक, 39 मंडल एवं विभिन्न विभागों में जिम्मेदारियां तय की गई हैं, जिससे पार्टी की गतिविधियों को गांव और बूथ स्तर तक विस्तार देने की रणनीति बनाई गई है। उन्होंने कहा कि संगठन की असली ताकत कार्यकर्ता होते हैं और जब जिम्मेदारी स्पष्ट होती है, तो परिणाम भी प्रभावी आते हैं। हमारा लक्ष्य है कि कांग्रेस की नीतियां, विचारधारा और जनहित के मुद्दे सीधे आम जनता तक पहुंचे। राजीव गुप्ता महामंत्री को संगठन एवं प्रशासन का प्रभारी महामंत्री बनाया गया है। विक्रांत अग्रवाल कोषाध्यक्ष को वित्तीय प्रबंधन के साथ-साथ जिलाध्यक्ष के साथ समन्वय की जिम्मेदारी दी गई है। हीरा वर्मा कुम्हारी, प्रमोद राजपूत भिलाई-3 चरोदा, राम सूर्यवंशी जामगांव-आर, भुवन साहू पाटन, जयश्री वर्मा जामुल, पुरुषोत्तम तिवारी अहिवारा ग्रामीण, प्रकाश ठाकुर धमधा, दुर्गा गजभिये दुर्ग ग्रामीण, जामवंत गजपाल अहिवारा नगर को प्रभारी बनाया गया है। अहिवारा, साजा, पाटन एवं दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में मंडल स्तर पर भी व्यापक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसमें रवि प्रकाश ताम्रकार, पवन पटेल, धर्मेंद्र साहू, लोचन यादव, सुमन वर्मा, सुमित नारंग, महेंद्र निषाद, रोहित यादव, राजेश मानिकपुरी, ज्वाला प्रसाद साहू, बंटी वैष्णव, श्यामाचरण मनहर, राजा राम गहिरवार, ओम नारायण वर्मा, सुरेंद्र गायकवाड़, उत्तरा कोसरे सहित अन्य को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## सामान्य सभा की बैठक 2 को, हंगामे के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 02 अप्रैल को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर एक बजे आयोजित की गई है। बैठक में गौधाम योजना, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, जल संसाधन, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्य सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी। जानकारी के मुताबिक पेयजल की किल्लत को लेकर सदस्यों द्वारा बैठक में हंगामा किया जाएगा। विशेष रूप से धमधा क्षेत्र में पानी की समस्या ज्यादा है, भूजलस्तर तेजी से गिर रहा है।

## 15वें वित्त आयोग से दुर्ग निगम को 10 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम के डाटा सेंटर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा शहर में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। 15वें वित्त आयोग अंतर्गत नॉन मिलियन प्लस सिटी के तहत शासन द्वारा नगर निगम को कुल 10 करोड़ रुपये की राशि आबंटित की गई है। उक्त राशि से शहर के विभिन्न आधारभूत विकास कार्यों को गति प्रदान करने योजनाबद्ध तरीके से प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुल राशि में से 4 करोड़ रुपये सड़क, नाली निर्माण, विद्युतीकरण सहित अन्य आवश्यक अधोसंरचनात्मक कार्यों के लिए प्रस्तावित किए जाएंगे। वहीं 3 करोड़ रुपये की राशि पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु टंकी निर्माण एवं पाइपलाइन विस्तार जैसे कार्यों के लिए प्रेषित की जाएगी। बैठक में लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्रकार, एमआईसी सदस्य लीना दिनेश देवांगन, शेखर चंद्रकार,नीलेश अग्रवाल, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा एवं भवन अधिकारी प्रकाश चंद थवानी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

▪ सड़क, पेयजल व स्वच्छता कार्यों को मिलेगी



### चार तालाबों का होगा सौंदर्यीकरण

बैठक के दौरान लोक कर्म, स्वास्थ्य, जलकार्य एवं विद्युत विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की गई। शहर के चार प्रमुख तालाबों के सौंदर्यीकरण, पाइपलाइन विस्तार, सड़क निर्माण, नाली एवं नालों के विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर ने अधिकारियों से पिछले एक वर्ष में हुए डामरीकरण एवं सीमेंटीकरण सड़कों सहित अन्य निर्माण कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। महापौर अलका बाघमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिन स्थानों पर निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन्हें तत्काल शुरू किया जाए। साथ ही निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई करने एवं जरूरत पड़ने पर कार्य से पृथक करने के निर्देश दिए गए।

### 60 वार्डों में ग्लो साइन बोर्ड लगाने के निर्देश

इसके अलावा गवली पारा से चंडी मंदिर तथा शीतला मंदिर से कंकालिन मंदिर तक विद्युत पोल स्थापना के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। बैठक में मोर जमीन मोर वार्ड योजना के अंतर्गत सभी 60 वार्डों में एसीपी बोर्ड एवं स्टेनलेस स्टील ग्लो साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए।डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में लगे 582 स्वच्छता मित्रों को सुरक्षा उपकरण एवं वर्दी उपलब्ध कराने पर भी विशेष जोर दिया गया। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि शहर के समग्र विकास के लिए शासन स्तर से लगातार राशि स्वीकृत कराई जा रही है और विकास कार्यों में किसी प्रकार की वित्तीय कमी नहीं आने दी जाएगी।



## खबर संक्षेप

### राजेंद्र बने जिला कार्यालय मंत्री

**अंडा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के मार्गदर्शन में एवं किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष आलोक चंद ठाकुर तथा जिला प्रभारी नन्दन जैन की सहमति से, भाजपा जिलाध्यक्ष



सुरेंद्र कौशिक के अनुमोदन पर जिला किसान मोर्चा में चंदखुरी निवासी राजेंद्र चंद्राकर (राजू) को कार्यालय मंत्री नियुक्त किया गया है। राजेंद्र चंद्राकर की इस नियुक्ति से क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है। उनकी संगठन के प्रति सक्रियता और कार्यशैली को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी गई है।

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश बेलचंदन, भूपेन्द्र साहू, बूथ अध्यक्ष सुशील देवांगन, रोहित बाघमार, राजेश चंद्राकर अंडा-निकुम मंडल मंत्री, दुर्गा निर्मलकर सहित जनभागीदारी समिति के समस्त पदाधिकारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उनसे पार्टी हित में सक्रियता के साथ कार्य करने की अपेक्षा की गई है।


### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं चांदनी रामगोपाल सिंह उम्र 33 वर्ष, पिता रामगोपाल सिंह, निवासी (पुराना पता) - 1165, लक्ष्मीकुंज सोसाइटी, लक्ष्मीपुरा रोड, गोरवा, वडोदरा, गुजरात पिन -390016 यह शपथ करती हूँ कि मैने अपना पुराना नाम चांदनी रामगोपाल सिंह पिता रामगोपाल सिंह, को त्याग कर नया नाम चांदनी सिंह पति अनूप कुमार सिंह रख ली है। अतः आज से समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरा नये नाम चांदनी सिंह पति अनूप कुमार सिंह से ही जाना पहचाना जावे।

चांदनी सिंह
पति अनूप कुमार सिंह
निवासी (नया पता) क्वा.नं. 1/बी, सड़क-46, सेक्टर-10, भिलाई नगर, जिला दुर्ग (छ.ग.)
पिन-490006
मोबाइल नं. 80009 44396


### जंवारा विसर्जन के साथ नवरात्रि पर्व का हुआ समापन

# गांव-गांव में ज्योत जंवारा शोभायात्रा निकाल तालाबों में किया गया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

ग्राम सेलूद सहित आसपास के गांवों में जंवारा विसर्जन की धूम मची रही। नौ दिनों तक माता के प्रति आस्था रखकर उपवास रखने वाली व्रती श्रद्धालुओं ने कन्या भोजन कराकर अपने उपवास खोला। इस दौरान नौ कन्याओं की पूजा-आर्चना कर उनके पांव धोकर चरणांमृत किया गया। चैत्र नवरात्र पर्व में कुंवारी कन्याओं की पूजा का विशेष महत्व होता है। गांव में शीतला व महामाया के अलावा घरों में भी जग जंवारा स्थापित कर माता चौरा में जंवारा बुवाई कर जलाए गए ज्योत कलश का नौ दिनों के पूजा के पश्चात विसर्जन किया गया। चैत्र नवरात्र पर्व की एक विशेषता यह भी होती है कि इसमें कापालिक पूजा का विशेष महत्व होता है। विसर्जन के दौरान जंवारा के कलश के साथ कापालिक प्रतीक खप्पर का भी विसर्जन किया गया। कन्या भोज के दौरान नौ कन्याओं को भोज के पश्चात उपहार स्वरूप वस्त्र, इत्यादि वितरित किये। विसर्जन के दौरान मांदर और झांझ के धुनों में जसगीत गाते हुए मां के भक्तों मे अपार श्रद्धा देखी गई।

ग्राम सेलूद में जंवारा विसर्जन का पर्व मनाया गया। घरों में ज्योत जंवारा पर्व मनाने वाले ग्रामीण अपने घर से से गांव तालाब विर्सजन के लिए शोभायात्रा के रूप में निकाली गई। साथ ही शीतला में ज्योति जलाने वाले ग्रामीणों ने भी शीतला मंदिर से अपने सिर पर ज्योति कलश लेकर साहड़ा देव और ठाकुर देव की परिक्रमा कर वापस गांव तालाब में पहुंची उसके बाद गांव तालाब में विसर्जन किया गया। इस अवसर पर गांव के सभी ग्रामीण विसर्जन देखने गांव तालाब में जुटे सैकड़ों की संख्या में माताओं द्वारा एक साथ अपने सिर ज्योति कलश लेकर चल रहे थे यह विहंगम दृश्य लग रहा था। गांव-गांव में यह पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया । सरपंच खिलेश मारकंडे द्वारा ज्योति जंवारा लेकर विसर्जित करने जाने वाले रास्ते पर टैंकर से पानी डलवाला गया ताकि धुल न उड़े व पैरों को ठंडकता महसूस हो। इस अवसर पर ग्राम सेलूद सरपंच खिलेश मारकंडे, उपसरपंच राकेश साहू, ग्राम सभा अध्यक्ष सुरेन्द्र बंछोर, शीतला समिति अध्यक्ष संजय यादव, रमेश देवांगन, त्रिभुवन यदु, राजेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र कुर्रे, रुपेश यादव, जीतु साहू, खेमलाल साहू, अनिल बनपेला, झम्मन यदु, ब्रह्मानंद बंछोर, जयंत साहू, कीर्तन देवांगन, चिंटू टिकरिहा, विष्णु वर्मा, लक्ष्मण साहू, कौशल बनपेला, तारेंद्र बंछोर, सुभाष बंछोर, बलराम वर्मा, रवि पटेल, योगेश चंदेल आदि उपस्थित थे।

**माता के प्रति आस्था रख लगाए जयघोष**



### देवी जसगीतों के साथ किया गया ज्योत जंवारा विसर्जन



**उतई।** नगर पंचायत उतई में विभिन्न घरों में स्थापित ज्योत जंवारा का शोभायात्रा देवी जसगीतों के माध्यम से निकाला गया। सेवकों द्वारा उतई में विभिन्न घरों में रखे आस्था के ज्योत व जंवारा को बारी-बारी से निकाल कर गायत्री मंदिर के पास एकत्रित हुए। गायत्री मंदिर में एकत्रित होने के बाद सभी ज्योत जंवारा का शोभायात्रा एक साथ बंजारी माता पहुंचे वहां से विसर्जन के लिए शोभायात्रा शीतला तालाब पहुंचे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर के भक्तजन शामिल हुए। ज्योत जंवारा विसर्जन के दौरान भक्तों में माता के प्रति गहरी आस्था एवं विश्वास व उत्साह देखने को मिला पूरे रास्ते माता की जयकारे गूंजते रहे।

### महाष्टमी पर किया हवन-पूजन

**कुम्हारी।** महाष्टमी के अवसर पर कुम्हारी स्थित मां महामाया मंदिर एवं शीतला मंदिर में गुरुवार 26 मार्च को हवन पूजन हुआ। हवन शाम 4 बजे प्रारंभ हुआ। जिसकी तैयारी मां महामाया ट्रस्ट समिति द्वारा पहले ही किया जा चुकी थी। महाष्टमी में अलसुबह ही दर्शन हेतु भक्तों का तांता लगा हुआ था। बाकी दिनों की अपेक्षा मंदिर में तीन गुना अधिक भीड़ दिखाई दी। शाम चार बजे पुरोहित गुमानधर दीवान द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कराया गया। जिनके बाद हुआ शाम 5 बजे पूर्ण आहुति दी गई। हवन में स्थानीय लोगों के अलावा आसपास के ग्रामीण भी उपस्थित रहे। बता दे कि इस वर्ष चैत्र नवरात्र के अवसर पर महामाया मंदिर में 2172 ज्योत जलाए गए थे जिनमे विदेशों से भी लोगों ने अपने व परिवार की मंगल कामना के लिए ज्योत जलवाएं है। महाष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर में भोग वितरण भी किया गया व्यक्तिगत एवं कई संस्थाओं ने भी मंदिर प्रांगण में भोग वितरित किये। महाष्टमी के इस पावन अवसर पर आज माता के दर्शन के लिए बाकी दिनों से कहीं अधिक श्रद्धालुओं का रेला था। भारत युवा संकल्प समिति द्वारा प्रति वर्ष की भाँति इस नवरात्रि में भी भोग भंडारा का आयोजन मा महामाया माता मंदिर प्रांगण में किया गया जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोग प्रसाद लिया। समिति द्वारा विगत कई वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में हरीश सोनी, कुलेश्वर् वर्मा, रामजी यादव, ओम प्रकाश साहू, किशोर धीवर एवं राकेश सेन सहित बड़ी संख्या में युवाओं का सहयोग रहा।



## अतिक्रमण पर चला बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

मैत्री स्कूल पाटन के पीछे बनी दीवार को ढहा दिया गया है। यह दीवार अतिक्रमण कर बनाई गई था। जानकारी के मुताबिक तहसीलदार पाटन द्वारा मैत्री एज्यूकेशनल एण्ड कल्चरल एसोसियन रिसाली सेक्टर भिलाई को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटा कर जवाब प्रस्तुत देने कहा गया था। लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया गया। जिसके बाद राजस्व विभाग ने पहल करते हुए नगर पंचायत के सहयोग से अतिक्रमण हटाने पहुंचे। अतिक्रमण हटाने के दौरान एसडीएम पाटन और तहसीलदार भी मौके पर मौजूद थे।

### भनसुली में धूमधाम से ज्योत-जंवारा विसर्जन



**पाटन।** ग्राम भनसुली में श्रद्धालुओं द्वारा आस्था के कुल 67 ज्योत प्रज्वलित किए गए। पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना के उपरांत ज्योति-ज्वारा को गाँव भ्रमण कराते हुए शीतला मंदिर तालाब पर विधिपूर्वक विसर्जित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष व वर्तमान विधायक प्रतिनिधि अशोक कुमार साहू सम्मिलित हुए। उन्होंने ज्योत-ज्वारा की पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया और समस्त क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की मंगल कामना की।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र..........अ-2/ 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक माधवी पांडे पति नरेन्द्र पांडे निवासी वार्ड नं. 01 धमधा तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम/ शहर धमधा प.ह.न. 15 तहसील धमधा जिला दुर्ग में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 2855/8 रकबा 0.0483 हे. भूमि का कृषि उपयोग अंतर्गत कृषि गोदाम हेतु पुनः निर्धारण किये जाने के संबंध में बी-1 एवं नक्शा, खसरा सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण मे नियत तिथि एक सप्ताह के भीतर तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय मे उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक-27/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
धमधा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र..........अ-2/ 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ज्योति ढीमर पति भूषण ओझा निवासी वार्ड नं. 04 धमधा तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम/शहर धमधा प.ह.न. 15 तहसील धमधा जिला दुर्ग में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1720/60 रकबा 0.0110 हे. भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण किये जाने के संबंध में बी-1 एवं नक्शा, खसरा सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण मे नियत तिथि एक सप्ताह के भीतर तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय मे उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक-27/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
धमधा


### बच्चों के लिए किया विशेष कन्या भोज का आयोजन



**अंडा।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर ग्राम चंदखुरी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 से 6 तक के बच्चों के लिए विशेष कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य गोपाल यादव के माध्यम से बच्चों को खीर, पूड़ी, चावल, दाल, सब्जी, फल का वितरण कर भोजन कराया और नौ कन्याओं को श्रृंगार दिया गया। इस दौरान जनपद सदस्य गोपाल यादव एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका गजेश्वरी साहू, रेखा देवांगन, चंपा देशमुख, लता देशमुख, सुनीता चंद्राकर, हिमानी देवांगन, सहायिका पूर्णिमा देशमुख, हेमलता साहू, कमला यादव का योदान रहा।


### नाम परिवर्तन

मैं नक्का जयेश रेड्डी पिता श्री एन. मलयाद्री रेड्डी, उम्र 23 वर्ष, निवासी-क्वा.नं. 57/एच, सड़क एवेन्यू-ए. सेक्टर 07. भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं जो कि निम्नलिखित कथनकर शपथपूर्वक बयान पेश करता हूः-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं।
2. यह कि मेरा बचत खाता भारतीय स्टेट बैंक शाखा अल्का डिपोर्टमेंट स्टोर्स, मार्केट एरिया सेक्टर 10. भिलाई, में है जिसका खाता क्रमांक 36178985410 है जिसमें मेरा नाम N JAYESH REDDY दर्ज है।
3. यह कि मेरा आधार कार्ड क्रमांक 4780 2884 6766 एवं पैन कार्ड क्रमांक GOGPR5223N है जिसमें मेरा नाम नक्का जयेश रेड्डी (NAKKA JAYESH REDDY) दर्ज है।
4. यह कि N JAYESH REDDY एवं नक्का जयेश रेड्डी (NAKKA JAYESH REDDY) दोनो मेरा ही नाम है और इस दोनो नाम का एक ही व्यक्ति हूं।
5. यह कि अपने उक्त खाता क्रमांक में अपना नाम अपने समस्त दस्तावेज के आधार पर NAKKA JAYESH REDDY दर्ज करवाना चाहता हूं।
6. यह कि उक्त आसय के संबंध में यह शपथपत्र संबंधित विभाग कार्यालय में नाम सुधार के संबंध में प्रस्तुत करना है। तथा उक्त संबंध में कार्यालय का समस्त नियम शर्ते मुझे मान्य है।
7. यह कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी सही एवं सत्य है कोई जानकारी या बात छुपाया नहीं गया है। कोई जानकारी गलत पाये जाने पर मैं शपथकर्ता स्वयं जवाबदार रहूंगा।

अतः शपथपत्र प्रस्तुत है। नक्का जयेश रेड्डी
शपथकर्ता

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**भिलाई नगर, तहसील व जिला-दुर्ग**

### ईश्तहार

(रा.प्र.क्र. 2026 3101000153 अ/6 वर्ष 2025-26)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्रं........अ/6 वर्ष 2025-26 में आवेदिका/आवेदक कुलजीत सिंह चहल आ. स्व. वरियाम सिंह निवासी-हुडको आमदी नगर भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 3880 रकबा 2400 वर्गफीट, 0.020 हे. भूमि स्वामी वरियाम सिंह के नाम पर दर्ज है। जिसे भूमिस्वामी अपने कुलजीत सिंह चहल आ. स्व. वरियाम सिंह को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। इस आधार पर वसीयत प्राप्तकर्ता अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र मय वसीयतनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को वसीयत प्राप्तकर्ता के नाम पर नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक-16/4/2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने गान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/03/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

(मुहर) अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

**न्यायालय कलेक्टर एवं भाड़ा नियंत्रक, जिला दुर्ग**

### व्यक्तिगत उपस्थित समंस

प्रकरण क्रमांक 07/अ-90 / वर्ष 2023-2024

अभिषेक वैष्णव आ. स्व. गोपाल दास वैष्णव एवं अन्य 09 सभी निवासी-तमेरपारा, वार्ड नंबर 30, मोतीपारा जलाराम मिष्ठान भंडारके पास, स्टेशन रोड, दुर्ग, जिला दुर्ग....-आवेदक, विरूद्ध, 01. कल्पना गुजराती लॉज जवाहर चौक, दुर्ग मस्जिद के पास दुर्ग प्रोपराईटर हसमुख लाल मेहता आ. स्व. रत्ती लाल मेहता, निवासी- मस्जिद के पास जवाहर चौक, विकास स्टोर्स के बाजू में, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग, छ.ग., 02 हीरामणी पाठक आ. नामालूम संचालन कर्ता कल्पना गुजराती लाज, मस्जिद के पास जवाहर चौक विकास स्टोर्स के बाजू में, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग, 03. हसमुख लाल मेहता आ.स्व. रत्ती लाल मेहता, प्रोपराईटर कल्पना गुजराती लाज, मस्जिद के पास, जवाहर चौक विकास स्टोर्स के बाजू में दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग...-अनावेदक

आवेदक/ भवन स्वामी द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 12 (2) छ०ग० भाड़ा नियंत्रण अधिनियम 2011 वास्ते किराया परिसर को रिक्त कराने हेतु इस न्यायालय में प्रकरण क्रमांक 02/अ-90 वर्ष 2025-2026 संस्थित की गई है। अनावेदकगणों के पते पर सूचना जारी की गई थी, किन्तु अनावेदकगण/किरायेदार अनुपस्थित रहे। चूंकि अनावेदकगण / किरायेदार को समक्ष सुनवाई हेतु अवसर प्रदान किया जाना है।

अतएव इस समंस के जरिये अनावेदकगण /किरायेदार को सूचना दिया जाता है कि आप सभी इस मामले की आगामी पेश दिनांक 15.04.2026 को कलेक्टर भाडा नियंत्रक अधिकारी के न्यायालय में समय 12.00 बजे व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि आप निर्धारित सुनवाई तिथि में अनुपस्थित पाये गये तो मामले की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में की जाकर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 20.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

भाड़ा नियत्रक अधिकारी,
दुर्ग (छ.ग.)







## बिजनेस साइट

### सिविक सेंटर में आयोजित स्वदेशी मेला का समापन





**भिलाई।** स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में आयोजित स्वदेशी मेला का समापन हुआ। यह मेला न केवल व्यापारिक दृष्टि से सफल रहा, बल्कि देश की विविध सांस्कृतिक विरासत को एक मंच पर प्रस्तुत करने का उत्कृष्ट उदाहरण भी बना। संयोजक अजय भसीन ने बताया कि इस भव्य मेले में देश के 22 राज्यों से आए स्वदेशी उत्पादों ने लोगों को आकर्षित किया। केरल की प्रसिद्ध कलाकृतियों से सजे फर्नीचर, बस्तर के बांस और बेंत से निर्मित आकर्षक फर्नीचर, उत्तर प्रदेश के कशीदाकारी युक्त कालीन, पारंपरिक मिट्टी के बर्तन व सजावटी फ्लावर पॉट, खादी के वस्त्र, पश्मीना साड़ियां सहित अनेक स्वदेशी उत्पादों की जमकर खरीदारी हुई। मेले में स्थानीय और बाहरी व्यापारियों को उत्कृष्ट मंच प्राप्त हुआ, जिससे स्वदेशी उद्योग को प्रोत्साहन मिला। सात दिवसीय इस आयोजन में प्रतिदिन विभिन्न राज्यों की संस्कृति, लोकनृत्य, भाषा एवं परंपराओं को मंच प्रदान किया गया। संयोजक अजय भसीन ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर भारत बनाओ के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था। आयोजकों ने सभी आगंतुकों, प्रतिभागियों, व्यापारियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### मैत्री महाविद्यालय में क्विज का किया गया आयोजन



**भिलाई।** मैत्री महाविद्यालय के निदेशक सजीव सुधाकरण ने बताया कि वर्तमान में विद्यार्थियों के लिए वित्तीय साक्षरता अत्यंत आवश्यक हो गई है। उन्होंने कहा कि बदलते आर्थिक परिवेश में सही वित्तीय निर्णय लेने की समझ विकसित करना शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जो विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान से सशक्त बनाते हैं। महाविद्यालय में राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज़ का आयोजन किया गया। यह पहल भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड सेबी तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स द्वारा संचालित है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वित्तीय साक्षरता व जागरूकता को बढ़ावा देना है। क्विज में बीएड के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इससे से विद्यार्थियों को वित्तीय अवधारणाओं, निवेश के मूल सिद्धांतों तथा जिम्मेदार निवेश के महत्व को समझने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रभा आर. कुरुप ने किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुरेखा विनोद पाटिल के मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित की गई। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स से डॉ. हीरल पाठक तथा आदित्य सिंह का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### ओम ज्वेलर्स मे आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट



**भिलाई।** इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64b, प्रिया सिंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम (रेड एंड व्हाइट कलर) के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट मिल रही है। यहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना लेंगे उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनो की शॉपिंग पर विशेष डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग दिया जाएगा। ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए उनको धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी शॉप में हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का huid कोड वाले जेवर उपलब्ध हैं। इन गहनों की वापसी पर कोई भी काट छाट नहीं होती। इतना ही नहीं हां सबसे कम मेकिंग चार्ज लिया जाता है। यहां हर फैमिली के लिए उनके बजट के अनुरूप गहने उपलब्ध हैं। यहां सोने का हार चोकर नेकलेस, से लेकर सोने की अंगूठी, झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स जैसी हर वजन की वरायटी उपलब्ध है। यहां पायलों की विस्तृत रेंज, करधन, बैंगल्स, हाथफूल, बिछिया व चैन लॉकेट की काफी बड़ी रेंज उपलब्ध है।


**न्यायालय श्रीमान प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय (छ.ग.)**

**नोटिस**

सरोजनी ताम्रकार उर्फ दुर्गा उम्र 25 वर्ष पति विवेक सिंह निवासी मकान नं 48 पुराना सरकण्डा, राधा-कृष्ण मंदिर के पास बिलासपुर, थाना सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)..............आवेदिका

**// विरुद्ध //**

विवेक सिंह उम्र 36 वर्ष पिता श्री पुरुषोत्तम सिंह निवासी मकान नं 810 आशा नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)..अनावेदकगण

प्र.क्र. 739/2025
आदेश दिनांक 18.03.2026
पेशी दिनांक 29.04.2026
प्रोसेस क.- 231/26

इस न्यायालय में आवेदिका सरोजनी ताम्रकार ने अनावेदक के विरुद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 13 (ए) हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 का पेश की है, जिसकी पेशी दिनांक 29.04.2026 को है।

अनावेदक विवेक सिंह उम्र 36 वर्ष पिता श्री पुरूषोत्तम सिंह निवासी-मकान नं 810 आशा नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 29.04.2026 को न्यायालय में प्रातः 11:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 29.04.2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 23/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक- 23/03/2026
स्थान-बिलासपुर

(आलोक कुमार)
प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## खबर संक्षेप

### सुपेला कोसा नगर कांग्रेस की कार्यकारिणी का विस्तार

**भिलाई।** जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के अनुशंसा से ब्लॉक कांग्रेस





कमेटी सुपेला कोसा नगर के अध्यक्ष नरसिंह नाथ ने संगठनत्मक मजबूती के लिए पदाधिकारी की दूसरी सूची जारी की है। प्रवक्ता के रूप में मोहम्मद रज़ा सिद्दीकी, उपाध्यक्ष राजेश यादव, विष्णु बारले,मीरा देवी जांघेल, महामंत्री कीर्ति सिंह कृष्णा सिंह, युवराज चौरसिया, शाहिद खान, संयुक्त महामंत्री द्वारिका साहू दीपक साहू, सचिव आशा गौड़ ,सोशल मीडिया प्रभारी गजेंद्र साहू को नव नियुक्ति किया गया है। जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता हमेशा से ही गरीब वर्गों की सेवा और शासन के गलत नीतियों के विरोध करने का कार्यों करता आ रहा है।

### बस चालक नशे में मिला, हुई कार्रवाई

**भिलाई।** नशे की हालत में बस चलाने वाले चालक के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई किया है। मिली जानकारी के मुताबिक बस दुर्ग से खैरागढ़ चलती है, बस का चालक नशे कि हालत में वाहन चला रहा था। बस सवारी से भरा हुआ था। ट्रैफिक पुलिस समय पर चालक को पकड़ लिया।

## सभापति ने कलेक्टर को संकल्प पत्र का हवाला देते हुए हटाने की रखी मांग

# निगम आयुक्त को हटाने के संकल्प के बाद अब भुगतान पर पार्षदों की आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम के विशेष सम्मेलन में आयुक्त को हटाने का संकल्प पारित करने के बाद अब नया विवाद खड़ा हो गया है। जिस पार्षद ने आयुक्त के खिलाफ मोर्चा खोला था वे अब 2 करोड़ रुपए भुगतान को गलत ठहरा रहे हैं। वहीं सभापति ने विशेष सम्मलेन में पार्षदों द्वारा लिए गए संकल्प पत्र का हवाला देते हुए दुर्ग कलेक्टर को पत्र सौंपा है। जिसमें उन्होने मांग की है कि पारित संकल्प के आधार पर आयुक्त को स्थानांतरित करने या हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### आयुक्त द्वारा संकल्प के बाद 2 करोड़ के भुगतान को गलत ठहरा रहे



25 मार्च 2026 को आयोजित विशेष सम्मेलन में आयुक्त के खिलाफ हंगामा करते महापौर व पार्षदगण।

### पार्षद पीयूष ने अब आयुक्त के भुगतान को गलत ठहराया

पार्षद पीयूष मिश्रा ने निगम आयुक्त द्वारा एजेंसियों को किए जा रहे भुगतान को भी गलत ठहराया है। पार्षद मिश्रा ने कहा है कि 25 मार्च को संकल्प पारित होने के बाद आयुक्त ने 23 एजेंसियों को करीब 2.13 करोड़ रुपए का भुगतान अपने हस्ताक्षर से करवाया है। जिसमें पीवी रमन जैसी सफाई एजेंसी भी शामिल है। एजेंसी की ईपीएफ राशि से 13 करोड़ रुपए का भुगतान करवाया जबकि इस एजेंसी पर लंबे समय से रोक लगाई गई थी। चिकित्सा प्रतिपूर्ति के तहत 14 लोगों का भुगतान किया गया। पार्षद मिश्रा का कहना है कि संकल्प पारित होने के बाद निगम एक्ट के तहत आयुक्त भुगतान नहीं कर सकते।

### वित्तीय अनियमितता का दिया ब्योरा

सभापति गिरवर बंटी साहू ने कलेक्टर को दिए पत्र में उल्लेख किया है कि पार्षद पीयूष मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 54 (2) के तहत वर्तमान आयुक्त को पद से हटाए जाने का प्रस्ताव सदन के पटल पर रखा गया। इस प्रस्ताव पर सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के समस्त पार्षदों ने सर्व सम्मति से अपनी सहमति प्रदान की और प्रस्ताव पारित किया गया। मद परिवर्तन कर वित्तीय अनियमितता की गई। शासन के नियमानुसार विभिन्न विशिष्ट मदों से प्राप्त राशि का सक्षम स्वीकृति के बिना अन्य मदों में व्यय/भुगतान किया गया, जो वित्तीय अनुशासन का उल्लंघन है। कई निविदाएं बिना उचित वैधानिक प्रक्रिया और सक्षम स्वीकृति के आमंत्रित की गईं, जो निगम अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत हैं। संजय नगर तालाब के समीप स्थित भूमि के संबंध में बिना सामान्य सभा/राज्य शासन की पूर्व अनुमति के ई-निविदा आमंत्रित की गई। भूखंडों की नीलामी से प्राप्त करोड़ों रुपये की राशि को राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के विरुद्ध ठेकेदारों को भुगतान कर दिया गया है। पूर्व की सामान्य सभा के निर्णयों की अनदेखी की गई और पार्षदों द्वारा मांगी गई आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने में आयुक्त संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

## वाहन किराया का झांसा, जीजा गिरफ्तार, साला अब भी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



वाहन किराए में लगाने का झांसा देकर साले जीजा ठगी करते थे। शिकायत के बाद पुलिस ने जीजा और एक अन्य को गिरफ्तार किया है। साला ओम प्रकाश अब भी फरार है। घटना मोहन नगर पुलिस थाना क्षेत्र की है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि पीड़ित आकुब खान ने पुलिस को लिखित में शिकायत किया कि चारभाटा थाना बागनदी, जिला राजनांदगांव निवासी अमित कुमार सिंह का मां लक्ष्मी टूर एंड ट्रेव्लस के नाम पर शॉप खोलकर रखा हुआ था। जहां वाहन को किराए में चलाया करता था। अमित वाहन मालिकों को किराया भुगतान नहीं करता था। वाहनों को अन्य के पास गिरवी रख दिया करता था। जांच में घटना के बारे में पता चलने पर अमित और डोंगरगढ़ निवासी वरुण सलामे को को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 9 चार पहिया वाहन,1 बाइक जब्त किया। दोनों को पुलिस ने न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। इस दौरान सीएसपी हरिश मेहर और मोहन नगर थाना परभारी मौजूद थे।

### इन वाहनों को पुलिस ने किया जब्त

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से स्कार्पियो सीजी 08 बीडी 6198, स्कार्पियो सीजी 08 बीएल 4692, अर्टिगा सीजी 04 एनव्ही 5897, थार सीजी 07 सीएस 0702, कार सीजी 04 4364, पंच सीजी 08 एटी 9355, बाइक 08 बीएफ 0260, कार सीजी 08 बीजी 2009, बलेनो सीजी 04 क्यूआर 9772, अर्टिगा सीजी 08 डीसी 5750 को जब्त किया गया।

## संयुक्त यूनियन मनाएगी काला दिवस

- एक अप्रेल को सेल परिवार चौक पर बड़ा विरोध प्रदर्शन

**भिलाई।** संयुक्त ट्रेड यूनियन भिलाई (इंटक, सीटू, एटक, ऐक्टू आदि) की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को इंटक कार्यालय, सेक्टर-3 में हुई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा 1 अप्रैल से चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) को लागू करने के निर्णय का कड़ा विरोध किया गया। इस संबंध में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आव्हान पर भिलाई में भी विरोध स्वरूप काला दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत 1 अप्रैल को शाम 6 बजे से 7 बजे तक सेल परिवार चौक, सेक्टर-6 में विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। बैठक में एफएसएनएल बचाओ संघर्ष समिति द्वारा श्रमिकों की छंटनी और निजीकरण के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन और हड़ताल का पूर्ण समर्थन व्यक्त किया गया। यूनियन नेताओं ने कहा कि मजदूर वर्ग को अपने अधिकारों और अस्तित्व की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ एक सशक्त और व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा, ताकि इन हमलों को प्रभावी ढंग से रोका जा सके। यूनियन द्वारा सभी श्रमिकों और आम नागरिकों से सरकार की मजदूर विरोधी एवं जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आयोजित इस प्रदर्शन में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई।

## एनर्जी आइसोलेशन प्रैक्टिसेज पर ग्रुप इंटरैक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा मानव संसाधन केंद्र में एनर्जी आइसोलेशन प्रैक्टिसेज पर एक लार्ज ग्रुप इंटरैक्शन (एलजीआई) का आयोजन किया गया। 80 सुरक्षा व विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं इलेक्ट्रिकल प्रमुखों ने भाग लिया। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सतपथी ने की। उन्होंने सभी विभागों में लॉकआउट-टैगआउट (लोटो) प्रक्रियाओं के कड़ाई से अनुपालन की आवश्यकता पर बल दिया। संचालन महाप्रबंधक पी सतपथी और एजीएम अजय टल्लू द्वारा किया गया। तकनीकी सत्र में एनर्जी आइसोलेशन प्रक्रियाओं का व्यावहारिक विवरण प्रस्तुत किया गया। सत्र में एनर्जी आइसोलेशन की संपूर्ण प्रक्रिया को समझाया गया। इसमें तैयारी एवं शटडाउन से लेकर सभी ऊर्जा स्त्रोतों के भौतिक पृथक्करण तक के चरण शामिल थे। प्रत्येक आइसोलेश बिंदु पर व्यक्तिगत ताले व टैग लगाने की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया गया, ताकि प्रत्येक कर्मी स्वयं अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।






# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 28 मार्च 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129





02 नवरात्रि पर छात्राओं का क्रिएटिव...


## लाइव इवेंट

### माता जी को 56 भोग लगाकर की गई 108 पूजा थाल से महाआरती



**भिलाई।** सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर गंजपारा दुर्ग में चैत्र नवरात्र पर्व और मंदिर का 16वां वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है, जिसके आठवें दिन माता को 56 भोग लगाकर 108 पूजा थाल से महाआरती की गई। समिति के राजेश शर्मा और मनीष सेन ने बताया कि अष्टमी के दिन सुबह माता का विशेष श्रृंगार कर दोपहर 12 बजे से मिष्ठान, नमकीन, फल, पंचमेवा, पूड़ी, हलवा, मालपुआ, खीर सहित 56 भोग लगाया गया। साथ ही शाम को 7 बजे माता के 108 दीपों और 108 पूजा थाल से माता की महाआरती की गई। जिसक बाद 9 कन्यायों को चुनरी ऊढ़ाकर उनके हाथों से केक कटवाया गया। रात 8 बजे हवन पूजन और पूर्णहुति दी गई। जो देर रात्रि तक चलती रही। चैत्र नवरात्र पर 19 से 27 मार्च तक सुबह 9 बजे माता का अभिषेक, 12 बजे कन्यापूजन और कन्याभोज का आयोजन कराया गया। प्रतिदिन माता का अभिषेक और श्रृंगार मुख्य पुजारी पंडित सुनील पांडेय, आचार्य डॉ विक्रांत दुबे और आचार्य डॉ आकाश दुबे के मार्गदर्शन में किया गया। मंदिर में पूजन और ज्योति कलश, नवग्रह पूजन में प्रज्ञा राहुल शर्मा मुख्य यजमान रहे। नवमी पर 151 कन्याओं को कन्या भोज कराकर भेट स्वरूप फल, पेन, कॉपी सहित समान का वितरण किया गया।



## लाइव इवेंट

### पोस्टर के जरिए स्वस्थ आहार स्वस्थ जीवन की दी जानकारी




**भिलाई।** पीएमश्री योजना के अंतर्गत अभियान स्वस्थ आहार, स्वस्थ जीवन अभियान के तहत पीएमश्री सेजेस बोरी में विभिन्न कार्यक्रम छात्रों को पोषण और खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान करने, सरल विधियों का प्रदर्शन और खाद्य पदार्थों के पैकेट पर लिखे पोषण लेवल को पढ़ने व उसकी उसकी मात्रा को समझाया गया। विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी पोस्टर मेकिंग और बिना आग के खाना पकाने जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शाला में पोषण कार्नर स्थल का निर्माण किया गया और मिलेट्स के उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में डॉ. तृप्ती द्विवेदी शासः आयुष चिकित्सा अधिकारी दुर्ग और डॉ. सरला बांधे शासः आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, दुर्ग पोषण विशेषज्ञों के द्वारा व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर संगीता सहायक चिकित्सा अधिकारी दुर्ग अधिकारी भी उपस्थित थी। अंत में सभी विजेता प्रतिभागियों को सम्मान और पुरुस्कार वितरण किया गया। शाला के. प्राचार्य राम सिंह द्वारा अतिथि विशेषज्ञों का सम्मान किया गया। इस अवसर व्याख्यातागुलनाज बानो, धीरजा चौधरी, तारकेश्वरी साहू, छाया सिंह, हेमलता साहू, दीपिका बघेल सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### हजारों भक्तों ने ग्रहण किया महाप्रसाद

**भिलाई।** रामनवमीं के अवसर पर जगह-जगह भोग भंडारे का आयोजन कर खिचड़ी, पूड़ी और चने की सब्जी अनेक चौक-चौराहों पर वितरण किया गया। श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित श्रीरामनवमी उत्सव में एक मुट्ठी दान,श्रीराम के नाम अभियान में भिलाईवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लोगों के घर-घर जाकर समिति के सदस्यों ने अनाज संग्रहण किया जिससे बने महाप्रसाद को प्राप्त करने आज हजारों रामभक्तों, श्रद्धालुओं और आमजनों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। समिति के अंतर्गत सभी प्रखण्डों से श्रीरामनवमी के लिए भव्य आकर्षक स्वचलित झांकियां निकाली गई।

### श्रीरामलीला मैदान में आस्था का सैलाब, जनसहयोग से बने महाप्रसाद ने जोड़ा समाज

# चार दशकों की परंपरा का विस्तार, 41वें उत्सव में हजारों ध्वजवाहकों ने दिखाई रामभक्ति, जय श्रीराम के जयघोष से गूंजी इस्पातनगरी

**श्रीराम जन्मोत्सव समिति भिलाई द्वारा आयोजित श्रीरामनवमी के भव्य 41वें वर्ष के आयोजन में आज पूरी इस्पातनगरी भगवामय हो गयी। चारों दिशाओं से हजारों की संख्या में भगवा ध्वज और जय श्रीराम के नारों के साथ उत्साह से ओतप्रोत रामभक्त श्रीरामलीला मैदान पावर हाउस पहुंचे। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने जनसहयोग से बने महाप्रसाद को ग्रहण किया, वहीं लेजर लाईट शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा आकर्षक स्वचलित झांकियों का भी आनंद लिया।**



**भिलाई।** कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बाल योगेश्वर राम बालक दास महात्यागी श्री पाटेश्वर धाम जिला बालोद ने विशाल धर्मसभा को संबोधित किया। वहीं उपस्थित केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व समिति के संरक्षक प्रेमप्रकाश पाण्डेय, हरिभूमि व आईएनएच चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, भाजयुमो प्रदेश प्रभारी आलोक डंगस, छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु श्रीराम के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन और हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं दवरा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रखण्डों से आने वाली झांकियां एवं शोभायात्राएं सभास्थल पर पहुंची।




### समाज के पिछड़े वर्गों को जोड़कर युवराज से राजा राम बने

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित बाल योगेश्वर राम बालक दास महात्यागी श्री पाटेश्वर धाम ने विशाल धर्मसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज यह आयोजन अपने 41वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। इस मंच ने समस्त हिंदू समाज को जोड़कर आगे ले जाने का कार्य किया है। आज का दिन केवल भगवान श्रीराम को स्मरण करने का नहीं, बल्कि उनके आदर्शों और संकल्पों को याद करने का दिन है। भगवान राम ने अपने जीवन में राष्ट्र को सर्वोपरि रखा। उन्होंने कहा था पहले मेरा राष्ट्र, उसके बाद मेरा धर्म, फिर मेरा परिवार और राज्य। इसी राष्ट्रभक्ति के कारण उन्होंने 14 वर्षों का वनवास स्वीकार किया और समाज के पिछड़े वर्गों को जोड़कर युवराज राम से राजा राम और मर्यादा पुरुषोत्तम राम बने।



### धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि समाज व संस्कृति को जीवित रखने का कार्य- प्रेमप्रकाश

समिति के संरक्षक प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि आज यह आयोजन अपने 41वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और इस लंबे सफर में हजारों कार्यकर्ताओं, वरिष्ठजनों और श्रद्धालुओं का योगदान रहा है। पिछले चार वर्षों से समिति ने लाखों परिवारों तक पहुंचने का प्रयास किया है। महाप्रसाद और भंडारे के माध्यम से हर वर्ग, हर जाति और हर समाज के लोग इस आयोजन से जुड़े हैं। आज हजारों लोग नंगे पांव झंडा लेकर यात्रा करते हैं, उपवास रखते हैं और अपने मोहल्लों से लेकर नगर तक इस आयोजन में भाग लेते हैं। यह केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और संस्कृति को जीवित रखने का अद्भुत कार्य है। राम का नाम तोड़ने का नहीं, जोड़ने का है। यही हमारी संस्कृति है और यही इस आयोजन का उद्देश्य है।

### रामनवमी पर जोत जंवारा विसर्जन की, शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु



**दुर्ग।** कसारीडीह सिविललाइन स्थित मां सतरूपा शीतला मंदिर में चैत्र नवरात्र का पर्व पूरे आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया गया। रामनवमी और चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन शुक्रवार को मंदिर समिति द्वारा जोत जंवारा की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महिलाएं एक रंग के वेशभूषा में शामिल हुए, जो आकर्षण का केन्द्र बना रहा, वहीं महिलाएं जस गीत की धुन में झूमते हुए अपनी श्रद्धा भक्ति प्रकट करते रहे। जिससे पूरे शोभायात्रा के दौरान श्रद्धा-भक्ति का अद्भुत माहौल बना। यह शोभायात्रा मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए शीतला तालाब पहुंची। जहां जोत जंवारा का विसर्जन किया गया। ज्योत जंवारा के दर्शन के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में उमड़े। शोभायात्रा के समापन उपरांत महाभंडारा का आयोजन किया गया। महाभंडारा में प्रसादी ग्रहण कर श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ प्राप्त किया। ज्योत जंवारा विसर्जन शोभायात्रा के दौरान सतरुपा शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू, उपाध्यक्ष शिवसागर सिन्हा, सचिव प्रदीप देशमुख, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र धर्माकर, सह-सचिव चंपा साहू, कार्यकारिणी सदस्य तामेश्वर यादव, पुष्पा श्रीवास, संरक्षक भीखम साहू, कृष्णा देशमुख, गणेश निर्मलकर, राजा सिंह राजपूत, राजेश साहू सहित सतरुपा शीतला सेवा समिति के अन्य सदस्य व श्रद्धालु व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।

### प्रेमप्रकाश जैसे विद्वान की मित्रता प्राप्त होना सौभाग्य की बातः डॉ हिमांशु




कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक वरिष्ठ पत्रकार डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि उनके जीवन का बड़ा सौभाग्य है कि उन्हें प्रेमप्रकाश जैसे विद्वान की मित्रता प्राप्त हुई और उसी मित्रता के चलते प्रतिवर्ष श्रीरामनवमी के इस भव्य कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलता है। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि प्रेमप्रकाश पहले ही उन्हें याद दिला देते हैं और वे समय पर भिलाई पहुंच जाते हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम भारतीय संस्कृति में केवल भगवान के रूप में पूजनीय नहीं हैं, बल्कि उनके जीवन का आदर्श इतना उत्कृष्ट है कि मानव जाति के लिए प्रेरणा बन गया है। श्रीराम का जीवन यह प्रमाण है कि एक मनुष्य भी अपने आचरण, मित्रता और आदर्शों से समाज को दिशा दे सकता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम का चरित्र केवल भारतीय संस्कृति तक सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए अद्वितीय उदाहरण है। राम का जीवन मित्रता, त्याग और धर्मपालन की मिसाल है। उन्होंने उल्लेख किया गया कि यदि हम श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतार लें तो हमारा जीवन भी उत्कृष्ट बन सकता है।



### 1 लाख परिवारों के सहयोग से बना महाभंडारा,,,,

स्वागत भाषण देते हुए समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पांडे ने कहा कि श्रीराम जन्मोत्सव समिति का उद्देश्य केवल राम मंदिर निर्माण तक सीमित नहीं है। अब इसका लक्ष्य सनातन एकता को मजबूत करना और घर-घर में राम नाम का संकल्प जगाना है। इसी विचार के साथ समिति ने 1 फरवरी से 1 लाख परिवारों तक पहुंचने का संकल्प लिया था, ताकि हर घर में राम नाम गूंजे और हर परिवार इस महाप्रसाद और भंडारे में सम्मिलित हो। भाजयुमो प्रदेश प्रभारी आलोक डंगस ने कहा कि प्रभु श्रीराम केवल भगवान के रूप में पूजनीय नहीं हैं, बल्कि उनके जीवन की मर्यादा और आदर्श मानवता के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि चाहे वनवासी रूप में हों या माता सीता के साथ, श्रीराम ने हर परिस्थिति में धर्म और मर्यादा का पालन किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा ने भी संबोधित किया।

### झांकियों में रहे विजेता

हर साल की तरह इस बार भी एक से बढ़कर एक चलित व स्वचलित झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें प्रथम खुर्सीपार समिति से विनोद सिंह की झांकी, द्वीतीय खुर्सीपार समिति से मिट्ठू अग्रवाल और तृतीय सुपेला प्रखंड से दिलीप केसरवानी की समिति विजेता रही वही 25 सांत्वाना पुरस्कार भी दिये गए।

## नारी तू नारायणी, महिलाएं ही सशक्त समाज का करती है निर्माण, नशा मुक्ति के लिए लिया संकल्प

**कार्नर न्यूज**

# हाथों में तख्तियां लेकर नशा मुक्ति करने जन आन्दोलन चलाने का लिया संकल्प, अफीम की खेती और बढ़ते नशे की लत पर जताया आक्रोश

**भिलाई।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के तत्वावधान में सियान सदन, हाउसिंग बोर्ड भिलाई में नारी तू नारायणी संगोष्ठी एवं नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने लोगों को नशे की लत से बचाने व स्वस्थ, जागरूक व सशक्त समाज के निर्माण में नशा मुक्ति के लिए हाथों में तख्तियां लेकर जन आन्दोलन चलाने का संकल्प लिया। उन्होंने प्रदेश में अफीम की खेती एवं बढ़ते नशे की लत पर चिंता एवं आक्रोश व्यक्त किया।

समारोह महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, दिव्या भसीन भाजपा, महासंघ के उपाध्यक्ष अर्चना मूले, कोषाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, शैलजा वार्ष्णेय, डॉ कांतिलाल विश्वकर्मा, एस के नंदी, केबी गुजर विशेष रूप से उपस्थित थे।

महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने संगोष्ठी में आधार वक्तव्य देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सदैव शक्ति, करुणा एवं सृजन का प्रतीक माना गया है। नवरात्रि का पर्व हमें नारी के प्रति सम्मान, समानता एवं आदर का संदेश देती है। नारी समाज निर्माण की आधारशिला होती है।

परिवार से लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण



में नारी की निर्णायक भूमिका है। आज महिलाएं शिक्षा, राजनीति, विज्ञान, प्रशासन, सेना आदि हर क्षेत्र में अग्रणी हैं। उन्होंने कहा कि सशक्त नारी ही सशक्त समाज का निर्माण करती है, इसलिए महिलाएं सशक्त बनें। शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता नारी सशक्तिकरण के मुख्य आधार हैं। इसी भावना को जन-जन तक पहुंचाने, समाज में नारी की महत्ता प्रतिपादित करने तथा उन्हें शक्ति स्वरूपा मानकर सम्मानित करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान : महिलाएं सम्मनित

कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं एवं समारोह में उपस्थित लगभग 70 महिलाओं का तिलक लगाकर फूलमाला, अंगवस्त्र एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। नारी के महत्व, सशक्तिकरण, सम्मान एवं समाज निर्माण में उनकी भूमिका पर केन्द्रित एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं एवं प्रबुद्धजनों ने अपने विचार व्यक्त किए। समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए महिलाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया।

### देवी जसगीत और भजनों माहौल को बनाया भक्तिमय

इस अवसर पर उपस्थित नारी शक्ति ने लोगों को नशे की लत से बचाने व स्वस्थ, जागरूक एवं सशक्त समाज के निर्माण के लिए नशा मुक्ति के लिए जन आन्दोलन चलाने का संकल्प लिया। महिलाओं ने अपने हाथों में नारे लिखे तख्तियां पकड़ी हुई थी। उन्होंने प्रदेश में अफीम की खेती एवं बढ़ते नशे की लत पर चिंता एवं आक्रोश व्यक्त किया। आरंभ में महिलाओं ने स्वागत गीत, देवी जसगीत एवं भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय एवं खुशनुमा बना दिया।



## सिटी इवेंट

# शीतला मंदिर में अष्टमी पर प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



**भिलाई।** मां कल्याणी शीतला मंदिर मरोदा टैंक में अष्टमी के दिन सम्मान समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई। अष्टमी तिथि के दिन हवन होने के पश्चात महाभोग भंडारा में हजारों श्रद्धालुओं को भोग वितरित किया गया ।

■ मां कल्याणी शीतला मंदिर में सम्मान समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम

रात्रि 8 बजे से सम्मान समरोह आयोजित हुआ जिसमें साहित्य के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले परदेशी राम वर्मा को बिसंबर यादव मरहा सम्मान और फ़िल्म निदेशक नीरज ग्वाल को स्व. अलख यादव स्मृति प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं विभिन्न वाद्य यंत्र को संजोने वाले कलाकार रिखी क्षत्रिय के लोक रागिनी के लोक कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ विधा के विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि ओए अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर थे। अध्यक्षता समाजसेविका रजनी विजय बघेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, महामंत्री दिलीप साहू, डीपी देशमुख, रामेश्वरी यादव, पार्षद विधि यादव, सरिता देवांगन, लीलेश देशमुख, समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, पुन्नू यादव ,चोवा निषाद, सम्भू पटेल, संतोष यादव, रमेश वर्मा, अश्वनी बनपाल, संतोष चंद्राकर, मुकेश यादव, बिज्जू यादव, पूनम चंद सपाहा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद साहू ने किया।



● माता के 9 रूपों और छात्रों को भैरोबाबा के दो समूह में बांटा, आस्था की थाली, उपवास में नवाचार

# नवरात्रि पर छात्राओं का क्रिएटिव धमाल फलाहार यात्रा में नजर आई भक्ति और स्वाद



भिलाई। नवरात्रि के अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित फलाहारी फूड स्टॉल, नवरात्रि के नौ रंग, फलाहार के संग ने महाविद्यालय को स्वाद और भक्ति का संगम स्थल बना दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने व्रत में उपयोग की जाने वाली मीठे व नमकीन फलाहारी व्यंजनों के स्टाल लगाकर आकर्षक प्रस्तुति दी। छात्राओं के नौ समूह का वर्गीकरण नवरात्रि के भगवती के नव रूपों के आधार पर किया गया एवं छात्रों को भैरोबाबा के दो समूह में बांटा गया साथ ही विद्यार्थियों के नवरूप वेशभूषा ने नवरात्रि में दुर्गा के नवरूपों को महाविद्यालय प्रांगण में साकार कर दिया। कालभैरव व नव दुर्गा की सुंदर झांकी प्रस्तुत की। फलाहारी में स्वीट पोटेटो सहित व्यंजनों में जहां विविधता थी वहीं पौषक तत्वों से भरपूर सजावट ने लोगों की भूख बढ़ा दिया। आयोजन स्थल भीनी-भीनी खूशबू से महक उठा। स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय भिलाई में बी.एड.चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों की अनूठी व्रत फलाहार यात्रा में एनोवेटिव आइडिया से कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ.शैलजा पवार प्राध्यापक शिक्षा विभाग ने बताया नवरात्र मातारानी के आराध्य का पर्व है इसमें लोग नौ दिन का उपवास रखते है व फलाहारी ही खाने में लेते है कई बार दुविधा की स्थिति हो जाती है की आज खाने में व्रत रखने वाले को क्या दे जो पोषक तत्वों से भरपूर हो विविधता भी रहे व उपवास में कमजोरी न आये। इस बात को ध्यान में रखकर फलाहारी व्यंजनों की स्टॉल लगाये गये। श्री शंकराचार्य शैक्षणिक परिसर के निदेशक डॉ. दीपक शर्मा व डॉ. मोनिषा शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से विद्यार्थी नवरात्रि पर्व के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक महत्व को जान पाते है। जिससे विद्यार्थियों में रचनात्मकता व समूह में कार्य करने की भावना विकसित होती है।



प्रतियोगिता में मौजूद प्रतिभागी।



### फलाहार पोषण के साथ पाचन तंत्र को भी देता है आराम

प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने विद्यार्थियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि नवरात्रि केवल एक धार्मिक पर्व नही है बल्कि यह आत्मशुद्धि, आत्मबल और नारीशक्ति के सम्मान का पर्व हैं। इस समय लिया जाने वाला फलाहार हमें पोषण के साथ-साथ हमारे पाचन तंत्र को आराम देता है और शरीर को विषमुक्त करने में सहायक होता है हमें सादगी संयमित और संतुलित जीवन शैली अपनाने पर बल देता है भारत में खानपान में विविधता खाने की एक रूपता के मिथक को तोड़ता है। उपप्राचार्य डॉ. अजर हुसैन ने सभी विद्यार्थियों ने कहा कि नवरात्रि के प्रत्येक दिन को उत्सव रूप में मनाना चाहिए। इसमें आत्मनिरीक्षण, आत्मचिंतन एवं देवी शक्ति की गहन समझ का अवसर मिलता है। फलाहारी प्रतियोगिता में विजेता समूह में प्रथम कात्यायनी समूह वंदना, मनीषा ठाकुर, जूली बंजारे, खुशबू, शिवानी, द्वितीय स्थान मां शैलपुत्री समूह कंचन, नेहा, दीक्षाली, जूही, योगेश, तृतीय मां कात्यायनी समूह अंशु, श्रद्धा, विधि चंद्राकर, वीणा रजक, निकिता यादव रहे।

### बनाए नौ माताओं के समूह

इस अवसर पर कात्यायनी समूह अंशु, श्रद्धा, विधि चंद्राकर, वीणा रजक, निकिता यादव ने स्वीट पोटैटो चाट, तिलकुट, साबूदाना पॉपकॉर्न बनाए। मां कुष्मांडा समूह में इंदु, रिया, बिना, साधना, जया ने साबूदाना खिचड़ी, शकरकंद हलवा, बादाम शेक, कस्टर्ड तथा आलू चाट तैयार किया। ब्रह्मचारिणी समूह में विद्यासागर, भारत, सृष्टि, अनिकेत, रितेश ने सिंघाड़े के आटे की बर्फी, रबड़ी, तरबूज जूस आदि बनाए। काल भैरव समूह ने प्रकाश, सूरज, सुशांत, सुरितराम, रामेश्वर, ओमेश ने विविध जूस प्रस्तुत किए। मां चंद्रघंटा समूह रामाणिक दास, संजना, प्रियांशु, राकेश, निमिषा ने लौकी हलवा, साबूदाना पापड़, साबूदाने की कचोरी आदि बनाई। मां शैलपुत्री समूह कंचन, नेहा, दीक्षाली, जूही, योगेश ने साबूदाने की खीर व इडली तैयार की। काल भैरव समूह अतुल, नीरज, विनोद कुमार, हिमांशु, भूपेंद्र ने फलाहारी मिक्सर, लस्सी, चिप्स, ठंडाई आदि बनाए। सिद्धिदात्री समूह मोनिका, अनीता, जया, प्रेरणा ने साबूदाना वड़ा, तीखुर बर्फी आदि प्रस्तुत की। ब्रह्मचारिणी समूह 2 रागनी लिपिका, आकांक्षा, योगिता ने तिल लड्डू, छाछ, फ्रूट सलाद, जूस आदि बनाए। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका विभागाध्यक्ष जंतु विभाग जया तिवारी ने कहा विद्यार्थियों ने फलाहार एवं उपवास के महत्व को फलाहार प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताने की कोशिश सराहनीय है।

## सिटी लाइव

# थाली सजाओ स्पर्धा में भिलाई की महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा



**भिलाई।** वैशाली नगर में श्रीराम सिंधी पंचायत और मां दुर्गा विकास समिति द्वारा महासप्तमी का पावन पर्व श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

■ वैशाली नगर में मनाया गया महासप्तमी महोत्सव

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही थाली सजाओ प्रतियोगिता, जिसमें महिलाओं और बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी कला, सृजनशीलता व भक्ति भाव से सजी सुंदर थालियों की आकर्षक प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के मूल्यांकन के लिए आमंत्रित विशिष्ट निर्णायक मंडल में स्वीटी कौशिक उपाध्याय भाजपा महिला मोर्चा, स्मिता डोडके पार्षद वार्ड 20 वैशाली नगर और स्वाति साहू राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ शामिल थीं। प्रतियोगिता में कनक तलरेजा प्रथम, काश्वि भक्तानी द्वितीय और भावना धर्मानी तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के अंत में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने एक साथ मां दुर्गा की आराधना की। इस दौरान श्रीराम सिंधी पंचायत और मां दुर्गा विकास समिति, वैशाली नगर अध्यक्ष दिलीप पवानीए मंदिर सेवा समिति से अर्जुन सचदेव, अशोक चेतवानी, मनोहर कृष्णानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## महिला दिवस पर संगोष्ठी

# नारी केवल परिवार की आधारशिला नहीं, राष्ट्र निर्माण की सशक्त शक्ति





**भिलाई।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भिलाई द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी शक्तिः सशक्त राष्ट्र की आधारशिला विषय पर संगोष्ठी का आयोजन श्री शंकराचार्य नर्सिंग कॉलेज जुनवानी भिलाई में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मनोवैज्ञानिक और करियर काउंसलर डॉ. मित्तू उपस्थित थी। उन्होंने नारी सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में डायरेक्टर, शंकराचार्य नर्सिंग ग्रुप डॉ. सिंधु अनिल तथा नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शैलजा उपस्थित थे। अध्यक्षता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भिलाई के नगर मंत्री आकाश कुमार ने की। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सबसे सशक्त शक्ति है। इस अवसर पर परिषद के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नारी सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

## जूनियर नेशनल नेट बॉल प्रतियोगिता

# पुडुचेरी को हराकर छत्तीसगढ़ बालिका टीम ने किया कांस्य पदक पर कब्जा



**भिलाई।** 38वीं जूनियर नेशनल नेट बॉल में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने पांडिचेरी टीम को संघर्षपूर्ण मुकाबले में शिकस्त देकर प्रतियोगिता में कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमाया। छत्तीसगढ़ की बेटियों ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में आयोजित प्रतियोगिता में क्वार्टर फाइनल में बिहार को 21 -18 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में पंजाब से 24 -17 अंकों से मैच गवाने के बाद हौसला नहीं खोया और तीसरे स्थान के लिए मैच में पांडिचेरी टीम को कड़े मुकाबले में हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। टीम की कप्तान टी साईका दुर्ग को पैर में चोट लगने के बाद भी टीम की जीत के लिए अपनी अहम योगदान दिया। दुर्ग से सोनाक्षी मडावी और रिया यादव ने भी टीम में खेलते हुए उम्दा खेल का प्रदर्शन किया। यह तीनों बालिकाएं भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 नेटबॉल मैदान में साल भर निरंतर अभ्यास करती हैं जो कि छत्तीसगढ़ टीम में इनकी अहम भूमिका रही। उनकी उपलब्धि पर संतोष कुमार साहू, अब्बास आलम, विजय चलोत्रे, जिला सचिव मोहन राव आदि ने शुभकामनाएं दी है।

## समाज इवेंट

# महिलाओं ने रखी मन की बात



**भिलई।** उत्कल संस्कृति महिला मंडल भिलाई समूह ने जगन्नाथ मंदिर सेक्टर - 6 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और होली मिलन उत्सव मनाया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं ने अपने-अपने कथन प्रस्तुत किए।

■ उत्कल संस्कृति महिला मंडल भिलाई समूह का आयोजन

संजू साहू ने यह संदेश दिया कि महिलाएं आज सक्षम होने के साथ-साथ पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है। महिला, मां, बेटी व पत्नी होने के साथ-साथ आज अपने घर के अलावा देश भी संभाल रही हैं। एक महिला दुर्गा है तो काली भी है और सरस्वती भी है। सरोजिनी पाणिग्रही ने सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में अरुणा जैन, मिनती रथ, संध्या महापात्रा, अनीता मिश्रा, नमिता साहू, चुना पात्रा, नमिता त्रिपाठी, सविता नाहक सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

## शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा- मां ही बच्चे की होती है प्रथम गुरु

# घर के आंगन से ही बच्चों को संस्कार, अनुशासन और बौद्धिक विकास देने वाली माताओं का हुआ सम्मान

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** जिला शिक्षा विभाग दुर्ग के तत्वावधान में आयोजित अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल होकर मातृ शक्तियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किए। जिला स्तरीय माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम के दौरान उन माताओं का विशेष रूप से अभिनंदन किया गया, जो घर के आंगन से ही अपने बच्चों को संस्कार, अनुशासन एवं सही-गलत की समझ देकर उनके बौद्धिक और नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।



### मातृशक्तियों को किया सम्मानित

उपस्थित माताओं को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की मां ही बच्चे की प्रथम गुरु होती है और उनके द्वारा दिए गए संस्कार ही एक शिक्षित, जागरूक व सशक्त समाज की मजबूत नींव रखते हैं। अंगना म शिक्षा जैसे कार्यक्रम न केवल शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि माताओं की भूमिका को भी सशक्त बनाते हैं, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। चैत्र नवरात्रि के नवमी तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मातृ शक्तियों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई तथा उन्हें बच्चों की शिक्षा में निरंतर सहयोग देने हेतु प्रेरित किया गया।



### बच्चों को नियमित पढ़ाई के लिए करें प्रेरित

यदि परिवार और विद्यालय दोनों मिलकर बच्चों के विकास में योगदान दें, तो निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ी अधिक सशक्त, आत्मनिर्भर और संस्कारित बनेगी। उन्होंने माताओं से आह्वान किया कि वे बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई के लिए प्रेरित करें, डिजिटल युग में सही मार्गदर्शन दें तथा उनमें अच्छे संस्कारों का मार्गदर्शन करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार कर रही है, ताकि प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचे और कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू, पार्षद लीलाधर पाल, सविता चंद्राकर, जिला भाजपा महिला अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर, जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।


सिटी स्पोर्ट्स

## आपकी सेहत के लिए बड़ा खतरा है पुराना तकिया, करें बदलाव



हर किसी को ये समझने की जरूरत है कि गंदा और गलत तकिया आपकी सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक है। इसी के चलते हम आपको बताएंगे कि तकिया कितने दिन में बदल लेना चाहिए और ऐसा न करने पर क्या होगा?

हम में से कई लोग तकिये के महत्व को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि गंदा और गलत तकिया आपकी सेहत पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है? सुनने में ये भले ही अजीब लगे लेकिन ये हकीकत है कि रोजाना इस्तेमाल में आने वाले तकिये पर धूल, मृत त्वचा कोशिकाएं, पसीना और बैक्टीरिया जमा हो जाते हैं। इसके अलावा ये काफी सख्त भी हो जाता है। ऐसे में अगर इसे समय पर नहीं बदला गया तो ये तमाम परेशानियां पैदा कर सकता है। ऐसे में विशेषज्ञों का कहना है कि तकिया हर एक से डेढ़ साल के अंदर बदलना चाहिए और कवर को नियमित रूप से धोना चाहिए। अगर आप ऐसा



नहीं करते हैं तो आपको तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है, जिनके बारे में हम बताने जा रहे हैं।

### गर्दन की दिक्कतें

पुराना तकिया सही सपोर्ट नहीं देता, जिससे गर्दन की हड्डियों और मांसपेशियों पर दबाव बढ़ जाता है। इससे सोते समय गर्दन में दर्द, अकड़न और लंबे समय में कॉल्ड स्पॉन या मसल स्ट्रेन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि तकिया का सही ऊंचाई और सख्ती का होना जरूरी है ताकि गर्दन प्राकृतिक स्थिति में रहे।

### सिर दर्द की समस्या

गलत या पुराना तकिया सिर दर्द और माइग्रेन का कारण बन सकता है। जब सिर और गर्दन को पर्याप्त सपोर्ट नहीं मिलता, तो सिर में रक्त का प्रवाह प्रभावित होता है। इसकी वजह से सिर दर्द या तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। गंदे तकिए पर जमा बैक्टीरिया भी सिर में असुविधा और जलन पैदा कर सकते हैं।

### स्किन संबंधित दिक्कतें

पुराने तकिये पर धूल, मृत त्वचा कोशिकाएं और पसीना जमा हो जाता है। इससे चेहरे और गर्दन की त्वचा पर रैश, पिम्पल्स और एलर्जी जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। संवेदनशील त्वचा वाले लोगों को विशेष ध्यान रखना चाहिए और तकिये का कवर नियमित रूप से



धोना चाहिए।

### नींद की खराब गुणवत्ता

गलत या गंदा तकिया सोते समय आराम और सपोर्ट नहीं देता, जिससे नींद की गुणवत्ता प्रभावित होती है।लगातार नींद न पूरी होना थकान, ध्यान में कमी और दिनभर सुस्ती जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है। सही तकिया नींद को गहरी और आरामदायक बनाता है।

### आंखों में दर्द

पुराने तकिए पर धूल और बैक्टीरिया आंखों में जलन और संक्रमण पैदा कर सकते हैं।इससे आंखों में खुजली, लालिमा और पानी आना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए खतरनाक है जो चश्मा या कॉन्टैक्ट लेंस का उपयोग करते हैं।

कोरोना काल में वर्क फ्रॉम होम की आदत पड़ने से सामने आई परेशानियां

# खतरनाक है देर तक एक ही जगह बैठकर काम करना, हो सकती हैं बहुत सी शारीरिक समस्याएं

कोरोना काल के बाद अधिकतर कंपनियों ने वर्क-फ्रॉम होम की सुविधा दी थी। ऐसे में एम्पलाई घर पर ही टेबल-कुर्सी पर बैठकर लैपटॉप से काम कर रहे हैं। कोरोना के बीतने के बावजूद कई कंपनियां ऐसी है जो अपने एम्पलाई को अभी भी घर से काम करने की सुविधा दे रही है। लेकिन घर से काम करने के कारण ऑफिस टाइमिंग बढ़ गई है। पहले के 8-9 घंटों के मुकाबले यह समय बढ़कर 10-12 घंटे तक हो गया है।


हालांकि कुछ ऑफिस की तरफ से एम्पलाई को कंफर्टेबल फर्नीचर भी उपलब्ध कराए गए हैं। कुछ लोग घर में मौजूद फर्नीचर से ही काम कर रहे हैं। डेस्क पर लंबे समय तक बैठे रहने के दौरान पोश्चर बिगड़ने से कई शारीरिक समस्याएं हो सकती हैं। रिसर्च से यह साफ हो चुका है कि लंबे समय तक बैठने से कई तरह की सेहत संबंधी जटिलताएं हो सकती हैं।

लंबे समय तक एक ही जगह बैठने से मसल्स टाइट हो जाते हैं। इसका असर यह होता है कि शरीर के विभिन्न हिस्सों में दर्द शुरू हो जाता है। जिससे लोगों को नेक स्टेचिंग, शोल्डर स्ट्रेचिंग, रिस्ट/कलाई स्ट्रेचिंग,लोअर बैक स्ट्रेचिंग,एंकल स्ट्रेचिंग और हिप स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज का सहारा



लेना पड़ता है। साथ ही डेस्क जॉब और दिनभर कुर्सी पर बैठने वालों को शरीर की अकड़न दूर करने और फ्लेग्जिबल बने रहने के लिए स्ट्रेचेस करना पढ़ते हैं।

लेकिन इस तरह घंटों एक ही जगह पर बैठकर काम करना और अनएक्टिव लाइफस्टाइल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। आप जितना एक्टिव रहते हैं, उतनी है स्वस्थ जीवन की संभावना बढ़ जाती है। रिसर्च के मुताबिक, 8 घंटे से अधिक समय तक बैठने से पोस्टुरल समस्याएं हो सकती हैं। जैसे कि डिस्क को नुकसान, गर्दन में खिंचाव और बैक पीछे की ओर झुकना आदि।



लंबे समय तक बैठने का नुकसान यह हो सकता है कि देर तक बैठेने से ड़ीप वेन थ्रोम्बोसिस-डीवीटी के मरीज की नसों में बनने वाली क्लाटिंग फेफड़ों में जाकर फंसने का खतरा होता है, जिससे पर्याप्त ऑक्सीजन न मिल पाने से जान जाने का भी खतरा रहता है।


ये समस्याएं कैसी बढ़ती हैं और इनसे कैसे बचा जा सकता है? इस बारे में जानेंगे।

### कम ऊर्जा खर्च होना

यदि कोई लंबे समय तक एक ही जगह बैठता है तो उसकी नॉन-एक्सरसाइज एक्टिविटी कम हो जाती है। थर्मोजेनेसिस आमतौर पर एक्सरसाइज की तुलना में कुल एनर्जी एक्सपेंडिचर / व्यय का बड़ा सोर्स होता है। यदि कोई कोई चलेगा-फिरेगा नहीं और लंबे समय तक बैठा रहेगा तो यह एनर्जी व्यय कम हो जाएगा। इससे मोटापा, मेटाबॉलिक सिंड्रोम, टाइप 2 डायबिटीज और हृदय रोग जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

### स्लो मेटाबॉलिज्म

लंबे समय तक बैठने वाले लोगों का मेटाबॉलिज्म स्लो हो जाता है। लगातार बैठे रहने से मसल्स कॉन्ट्रेक्शन में कमी आ जाती है, लंबे समय तक स्थिर बैठने से होती



है। इससे ब्लड से फैट निकासी धीमी हो जाती है और इंसुलिन का प्रभाव भी कम हो जाता है। इस कारण से लोगों का मेटाबॉलिज्म स्लो हो जाता है और वजन भी बढ़ने लगता है।

### कंप्रोमाइज्ड पोश्चर

बैठने से पेल्विक मसल्स पीछे की ओर घूमता है, जिससे डिस्क पर दबाव आता है। यह स्थिति सिर को आगे की ओर ले जाती है और वजन ट्रांसफर करने के लिए कंधे मुड़ जाते हैं। इससे आपका शरीर आगे की ओर झुका हुआ प्रतीत होता है। लंबे समय तक ऐसा होने से शरीर आगे की ओर झुक जाएगा और बॉडी पोश्चर गलत हो जाएगा।

### पीठ और रीढ़ की चोट

लंबे समय तक एक जगह बैठने से टिश्यूज पर पड़ने वाला दबाव समय के साथ पीठ के निचले हिस्से पर अनुचित दबाव डालता है।

## शंख को घर पर रखने का है नियम



वास्तु दोष निवारण के लिए शंख अत्यधिक प्रभावी माना गया है। शंख को भगवान विष्णु का प्रिय माना गया है। समुद्र मंथन में शंख की उत्पत्ति हुई थी, जिसे श्रीहरि ने अपने हाथ में धारण किया। इसलिए इसे विष्णु का प्रतीक मानकर पूजा की जाती है।

### मां लक्ष्मी का निवास

मान्यता है कि जहां शंख होता है, वहां धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी का स्थायी वास होता है। इसलिए इसे घर में रखने से सुख-समृद्धि बनी रहती है।

### शंख ध्वनि से नकारात्मक ऊर्जा का नाश

शंख बजाने से उत्पन्न ध्वनि तरंगें वातावरण को शुद्ध करती हैं। शास्त्रों में कहा गया है कि शंखध्वनि से नकारात्मक शक्तियां और बुरी ऊर्जा दूर होती है।

### वास्तु दोष निवारण में शंख का उपयोग

यदि घर के मुख्य द्वार पर वास्तु दोष हो, तो वहां शंख रखना शुभ माना जाता है। इससे घर में आने वाली नकारात्मक ऊर्जा निष्क्रिय हो जाती है और शुभ ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है।

### शंख जल का छिड़काव

वास्तु दोष निवारण के लिए शंख में जल भरकर पूरे घर में छिड़काव करना अत्यंत लाभकारी होता है। इससे घर का वातावरण पवित्र होता है और नकारात्मकता समाप्त होती है।

### शयनकक्ष में शंख रखने से वैवाहिक सुख

यदि दांपत्य जीवन में तनाव है, तो शयनकक्ष में दक्षिणावर्ती शंख रखने से प्रेम और सौहार्द बना रहता है।

दुकान या कार्यस्थल में शंख रखने से व्यापार में वृद्धि होती है। विशेष रूप से दक्षिणावर्ती शंख को तिजोरी में रखने से धन-संपत्ति की वृद्धि होती है।

### उत्तर-पूर्व दिशा में शंख रखने से सकारात्मक ऊर्जा

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के उत्तर-पूर्व दिशा (ईशान कोण) में शंख में जल भरकर रखने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### शंख से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण नियम

पूजा में केवल समुद्र से प्राप्त शंख का ही प्रयोग करना चाहिए। शंख में जल भरकर भगवान को अर्पित करने से देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त होती है। टूटा या खंडित शंख घर में नहीं रखना चाहिए। शंख को हमेशा साफ और पवित्र स्थान पर रखें।

## यूआरएम और पीबीएस ने जीते क्वार्टर फाइनल मैच



**भिलाई।** बीएसपी फ्रेंड्स क्लब द्वारा आयोजित फ्रेंड्स कप प्रो सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को रोमांचक मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में पहला मैच बीआरएम-11 एवं ब्लास्ट फर्नेस के मध्य खेला गया। परिणाम ब्लास्ट फर्नेस ने 8 विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच गंभीर सिंह रहे। दूसरा मैच यू आर एम (वी) एवं सीओसीसीडी के मध्य खेला गया। परिणाम सीओ एंड सीसीडी ने 13 रन से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच विक्रम रहे। तीसरा मैच यू आर एम( आर) एवं बीआरएम 11 के मध्य खेला गया। परिणाम यू आर एम (आर) ने 15 रन से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच दी मंडी रहे। चौथा मैच ओए एवं पीबीएस के मध्य खेला गया। परिणाम पीबीएस ने 8 विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच विजय सैनी पांचवा मैच सीआईएसएफ एवं मेडिकल के मध्य खेला गया। परिणाम सीआईएसएफ ने 7 विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच संदीप तिवारी रहे। छठा मैच और पहला क्वार्टर फाइनल यू आर एम (टीएएंडडी) एवं स्टील स्मैश के मध्य खेला गया। परिणाम यूआरएम (टीएंडडी) ने 30 रन से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच दीपक खिचरिया रहे। दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच पीबीएस एवं सर्विसेस के मध्य खेला गया। परिणाम पीबीएस ने 35 रन से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच आनंद माधव रहे। मैच के अंपायर संजय, सुदीप, विकास, अभय, अर्जुन, स्कोरर विनोद देवघरे, अनिल सिंह, वीरेंद्र एवं कुलदीप मीणा, पिच क्यूरेटर आजाद अहमद खान एवं जीवन सिंह रहे।



## किचन में बैठकर भोजन करने पर जानिए ज्योतिषीय राय

ज्योतिषशास्त्र में न जाने कितने ऐसे नियम बनाए गए हैं जो हमारे दैनिक जीवन से जुड़े हुए होते हैं। ऐसे ही नियमों में से हैं खाने से जुड़ी कई बातें। खाना हमेशा साफ़ तन और मन से खाना चाहिए, भोजन से पहले मंत्रोच्चारण जरूर करना चाहिए, भोजन से पूर्व हमेशा हाथों और पैरों को धोना चाहिए।

ऐसे कई नियम हैं जो हम नियमित भोजन करते समय ध्यान में रखते हैं जिससे इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ सके। एक और सबसे ज्यादा चर्चित सवाल यह उठता है कि क्या किचन में बैठकर खाना खाना ठीक है? जी हां, आज भी कई ऐसे घर हैं जहां लोग किचन में बैठकर भोजन करते हैं या फिर खाने और खाना बनाने का स्थान एक ही जगह पर होता है।

लेकिन अगर हम ज्योतिष की बात करें तो क्या वास्तव में किचन में भोजन करना ठीक है या इसके कोई नुकसान भी हो सकते हैं। इस सवाल का जवाब जानने के लिए हमने नारद संचार के ज्योतिष अनिल जैन जी से बात की। आइए उनसे जानें कि ऐसा करना वास्तव में ठीक है या नहीं।

किचन में बैठकर खाना राहु को प्रसन्न करने का तरीका

पहले के समय में लोग किचन में बैठकर ही खाना खाते थे। आज भी यदि हम ग्रामीण परिवेश में जाते हैं तो रसोई घर में ही खाना खाने का प्रचलन है। दरअसल ज्योतिष में इसका बहुत अधिक महत्व है और इसका संबंध राहु ग्रह से माना



जाता है। ऐसा माना जाता है कि राहु यदि अप्रसन्न है तो इसका सीधा असर हमारे जीवन और स्वास्थ्य में पड़ता है। इस ग्रह को शांत करने और खुश करने के लिए रसोई में बैठकर भोजन करने की सलाह दी जाती है। ऐसा माना जाता है कि यदि कोई भी किचन में बैठकर शुद्धता से भोजन करता है तो उस पर कभी भी राहु का बुरा प्रभाव नहीं पड़ता है। इसी वजह से कई घरों में किचन के साथ ही डाइनिंग एरिया होता है।

### परिवार के लोगों के बीच सामंजस्य बढ़ता है

जब किचन के भीतर हम एक साथ भोजन करते हैं तो परिवार के लोगों के बीच सामंजस्य स्थापित करने में मदद मिलती है। वास्तव में प्राचीन काल में परिवारों के बीच अच्छी बॉन्डिंग होने का एक बड़ा कारण यही था कि लोग एक साथ रसोई में बैठकर खाना खाते थे और अपनी पूरे दिन की गतिविधियां साझा करते थे।

आज भी ज्योतिष में ऐसी सलाह दी जाती है कि परिवार के बीच के मतभेद को दूर करने के लिए सभी लोग एकसाथ बैठकर भोजन करें और यदि रसोईघर में भोजन करेंगे तो आपके और परिवार के लिए अच्छा होगा।

### किचन में जमीन पर बैठकर खाने से मिलते हैं कई लाभ

ज्योतिष की मानें तो जमीन में बैठकर खाना खाना कई तरह से फायदेमंद होता है। जब आप सीधे जमीन पर बैठकर खाना खाते हैं, तो शरीर पृथ्वी के सीधे ही संपर्क में आता है और उसकी तरंगें शरीर में प्रवेश करती हैं। ये तरंगें शरीर को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने के साथ कई बीमारियों से बचाने में भी मदद करती हैं। जब कम किचन के भीतर जमीन पर बैठकर भोजन करते हैं तो उस मुद्रा को सुखासन कहा जाता है और इससे मांसपेशियों में भी खिंचाव आने से भोजन को पचाने में आसानी होती है।



कार्नर न्यूज

आयुर्वेद में मौजूद है इस समस्या का निराकरण

# पेट की चर्बी को कम करने अपनाए जरूरी उपाय सेहतमंद रहने के लिए आयुर्वेद बताता है कई रास्ते

पेट की चर्बी से आज के वक्त में काफी महिलाएं परेशान हैं। कई बार सही डाइट, एक्सरसाइज और भी कई कोशिशों के बाद पेट की जिद्दी चर्बी टस से मस नहीं होती है। जंक और अनहेल्दी फूड से दूरी बनाने से लेकर डाइट में हेल्दी और पौष्टिक चीजों को शामिल करने तक, अगर आप सब जतन कर चुके हैं, लेकिन आपका बेली फैट कम नहीं हो रहा है, तो आपको कुछ आयुर्वेदिक टिप्स की मदद लेनी चाहिए।

बता दें कि आयुर्वेद इंसान के शरीर की प्रकृति के हिसाब से बेली फैट को कम करने में मदद करता है। बेली फैट का शरीर में मौजूद तीनों दोषों से क्या कनेक्शन है, बेली फैट को कम करने के लिए किन आयुर्वेदिक टिप्स की मदद लेनी चाहिए, इस बारे में डॉक्टर शिखा शर्मा से जानते हैं। डॉक्टर शर्मा ने दिल्ली से पढ़ाई की है। वैदिक और मॉर्डन न्यूट्रिशन को फॉलो कर वह लोगों को सही डाइट चुनने और हेल्दी रहने में मदद करती हैं।

### आयुर्वेद के अनुसार बेली फैट का कारण

बेली फैट के पीछे कई वजहे हो



सकती हैं। अगर बात आयुर्वेद की करें, तो आयुर्वेद चिकित्सा का पूरा सिध्दान्त, शरीर में मौजूद तीन दोषों वात, पित्त और कफ के संतुलन पर निर्भर करता है। इनमें असंतुलन होने पर शरीर को कई बीमारियां घेर लेती हैं। अगर शरीर में कफ दोष बढ़ जाता है, तो यह मोटापे के कारण होता है। अगर आप जरूरत से ज्यादा मीठा, नमकीन खाती हैं और लाइफस्टाइल सही नहीं है, तो इससे कफ दोष असंतुलित हो जाता है और बेली फैट बढ़ जाता है।

### बेली फैट को कम करने के आयुर्वेदिक टिप्स

बेली फैट को कम करने के लिए डाइट में ज्यादा मीठी, ऑयली, जंक और स्टार्च शामिल नहीं करना चाहिए। आयुर्वेद के अनुसार, डिनर का समय 6.30-7 बजे के बीच होना चाहिए। हमारी बायलॉजिकल क्लॉक और दोष प्रकृति के अनुसार, यह डिनर करने का सबसे सही समय है। इसके अलावा, पानी की सही मात्रा और टेम्परेचर, कफ दोष को इंबैलेंस करता है और बेली फैट को बढ़ाता है।

शरीर में जमे हुए फैट या बिना पचे हुए खाने को शरीर से निकालने के लिए गुनगुना पानी जरूरी होता है। बेली फैट को कम करने के लिए



दालचीनी या जीरे का पानी पीना चाहिए। पेट की चर्बी को कम करने के लिए फिजिकल एक्सरसाइज जैसे रनिंग, वॉकिंग, ब्रिस्क वॉकिंग बहुत जरूरी है।

आयुर्वेद के अनुसार, इन एक्सरसाइज को करने से बॉडी से हीट निकलती है और कफ दोष कम होता है। वहीं, स्ट्रेस लेवल को कम करने के लिए योग, मेडिटेशन और प्राणायाम जरूरी है। इसके अलावा, कम से कम 6 घंटे की नींद बहुत जरूरी है। अगर आप रात में जरूरत से ज्यादा सोते हैं या फिर दिन में सोती हैं, तो इसका असर कफ दोष पर होता है और मेटाबॉलिज्म पर असर पड़ता है, जिससे बेली फैट कम होता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## फैंस से फिर रूबरू होगीं माईली, जल्द लौटेगा हैना मोंटाना शो



पॉपुलर शो 'हैना मोंटाना' के बीस साल पूरे होने की खुशी में माईली साइरस ने फैंस को एक खास तोहफा दिया है। दरअसल, माईली साइरस के पॉपुलर शो 'हैना मोंटाना' ने हाल ही में बीस साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर मेकर्स एक खास शो रखा है। शो में माईली अपने फैंस के साथ लाइव बातचीत करेगीं। साथ ही शो के सेट को दोबारा क्रिएट कर सीरीज के अनदेखे फुटेज भी शेयर किए जाएंगे। मेकर्स ने एक पोस्ट शेयर कर बताया कि 'हैना मोंटाना' के बीस साल पूरे होने पर माईली साइरस सेट पर वापसी कर रही हैं। इस शो का प्रीमियर करने की तैयारी चल रही है। दर्शक इस शो को डिज्नी प्लस पर देख पाएंगे। यह भी कहा गया है इस शो में माईली अपने फैंस के साथ लाइव बातचीत करेंगी। इतना ही नहीं, इस मौके पर 'हैना मोंटाना' के सेट को भी दोबारा रिक्रिएट किया जाएगा। अपने करियर की इस शो से शुरूआत करने वाली माईली के लिए ये काफी खास पल होंगे। जहां शो के गानों से लेकर उसके किरदारों तक सभी यादें ताजा होंगी। हैना मोंटाना के इस प्रीमियर का टीजर भी रिलीज हो चुका है। इसमें एक कार दिखाई दे रही है जो स्टेज 9 की तरफ जा रही है। यह वही स्टूडियो है जहां हैना मोंटाना शूट होता था। इस कार की नंबर प्लेट पर एचएम-20 लिखा हुआ था। कार में माईली के काले रंग के बूट नजर आते हैं। इसके बाद इसकी डीटेल्स का अनांउसमेंट होता है। इस इवेंट के बारे में माईली साइरस ने इस शो के लेकर अपनी भावनाएं साझा की। उन्होंने कहा, 'यह शो मेरे लिए काफी मायने रखता है। मेरे जीवन में जो कभी एक शो की तरह शुरू हुआ था उसने मुझे कई अनुभव दिए। वैसे ही फैंस भी इससे जुड़े रहे।

### टॉलीवुड


## 'नागबंधम' के निर्माताओं ने जुलाई का किया वादा, एक्शन-एडवेंचर पर आधारित है फिल्म



निर्देशक अभिषेक नामा की फिल्म 'नागबंधम' का हाल ही में टीजर जारी किया गया था। जिसे सुपरस्टार महेश बाबू ने 'महाशिवरात्रि' के शुभ अवसर पर रिलीज किया था। आज फिल्म की रिलीड डेट की घोषणा कर दी गई है। 'नागबंधम' के निर्माताओं ने आज फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। यह फिल्म 3 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह एक पैन इंडिया फिल्म है। इस फिल्म को अभिषेक नामा ने लिखा और निर्देशित किया है।
'नागबंधम' एक तेलुगु पौराणिक ड्रामा फिल्म है। इसका लेखन और निर्देशन अभिषेक नामा ने किया है। फिल्म में विराट कर्ण मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'नागबंधम' के टीजर में विराट को महादेव के रूप में दिखाया गया है। विराट के अलावा इस फिल्म में नाभा नतेश, ऐश्वर्या मेनन, महेश मांजरेकर, जगपति बाबू और बाकी कलाकारों ने अभिनय किया है। इस फिल्म का निर्माण एनआईके स्टूडियो और अभिषेक पिक्चर्स के तहत किशोर अन्नपुरेड्डी और निशिता नागिरेड्डी ने किया है।
'नागबंधम' के टीजर में कोई खास डायलॉग नहीं दिखाया गया। यह हिमालय की गहराई में दबे अनंत पद्मनाभस्वामी के एक अनमोल खजाने की ओर इशारा करता है। समय आने पर जब खतरा बढ़ता है, तो इसे सुरक्षित रखने और संतुलन बनाए रखने के लिए एक रक्षक आता है।

### भोजपुरी

## सबसे ज्यादा देखा गया गाना, फैंस के व्यूज हुए 1 अरब पार



भोजपुरी में वैसे तो कई गाने हैं, जो यूट्यूब पर लगभग हमेशा ही ट्रेंडिंग में रहते हैं और व्यूज के मामले में भी रिकॉर्ड बना चुके हैं। खेसारी लाल यादव से लेकर पवन सिंह तक के कई गाने ब्लॉकबस्टर हो चुके हैं और रिकॉर्डतोड़ व्यूज पा चुके हैं। इनमें खेसारी का 'पलंग सागवान के' भी शामिल है। लेकिन एक ऐसा गाना है, जो भोजपुरी का सबसे ज्यादा व्यूज वाला गाना माना जाता है। यह गाना न तो खेसारी का है, ना पवन सिंह और ना ही मनोज तिवारी या निरहुआ है। बल्कि यह गाना रितेश पांडे का है, जिसका नाम है 'हैलो कौन' और इसे अरबों व्यूज मिल चुके हैं। 'हैलो कौन' गाना साल 2019 में रिलीज किया गया था, पर आज भी इसका जलवा कायम है। यूट्यूब पर इसे 100 करोड़ यानी एक अरब से भी ज्यादा व्यूज मिले हैं। जब यह गाना आया था, तो इस पर खूब रील्स भी बनाई गई थीं और फैंस ने इस गाने को खूब प्यार दिया। 'हैलो कौन गाने को रितेश पांडे के साथ स्नेहा उपाध्याय ने गाया। गाने में रितेश पांडे ने एक्टिंग भी की। 'हैलो कौन' को भोजपुरी का 'एक बिलियन वाला भोजपुरी सॉन्ग' कहा जाता है। यह भोजपुरी का सबसे ज्यादा व्यूज वाला गाना माना जाता है और यूट्यूब पर अभी तक सबसे ज्यादा देखे गए गानों की लिस्ट में शुमार है। इस गाने को सुनने के बाद फैंस आज भी भर-भरकर कमेंट्स करते हैं। एक ने रितेश पांडे के लिए लिखा है, 'भोजपुरी में बहुत बड़ा इतिहास रच दिए भैया।' एक और कमेंट है, 'ये रिकॉर्ड इतिहास के पन्नों में लिखा जाएगा। जब तक भोजपुरी रहेगी, रितेश पांडे को इतिहास में पढ़ा जाएगा।' रितेश पांडे भोजपुरी सिंगर के अलावा एक्टर और मॉडल भी हैं। वैसे तो वह 'बलमा बिहार वाला 2' और 'तोहरे में बसेला प्राण' जैसी भोजपुरी फिल्मों से चर्चा में आए थे, पर 'हैलो कौन' भोजपुरी गाने ने उन्हें दुनियाभर में मशहूर कर दिया।

### जादू ट्रेंड का

### लाइफ स्टाइल



स्प्रिंग-समर 2026 के लिए डिजाइनर फर्म मैक्स मारा ने हकीकत और कल्पना के बीच ऐसा रंग उभारा है, जिसकी दुनिया दीवानी हो गई है। यहां मैक्स मारा की मॉडल एक ठोस आधुनिकता की प्रतीक है। यह मॉडल भव्यता से प्रेरित एक अलौकिक और सपनों जैसी पृष्ठभूमि के सामने नजर आ रही है। डिजाइनर फर्म मैक्स मारा एक ऐसी दुनिया पेश करती है जो साफ तौर पर विरोधाभासों से प्रेरित है।

## कुछ खास ब्राइडल बन डिजाइन आपके लिए

शादी का दिन हर लड़कियों के लिए बेहद ही खास होता है और इस दिन को और भी खास बनाने के लिए हेयर स्टाइल का खास ध्यान देती है अगर आप भी अपनी शादी के लिए हेयर स्टाइल के बारे में सोच रहे हैं और आपको समझ में नहीं आ रहा है क्या हेयर स्टाइल बनाए तो यह ब्राइडल बन अपने बालों बना सकते हैं जो कि आपके लिए सबसे बेहतरीन ऑप्शन हो सकती है।
यहां पर हम आपके लिए कुछ ट्रेंडी और स्टाइलिश ब्राइडल बन डिजाइन लेकर आए हैं जो कि आप अपनी शादी बन सकते हैं या फिर रिसेप्शन के अलावा आने किसी खास ओकेजन पर बनाएंगे तो आप और भी खूबसूरत दिखेंगे कोई सा भी एथेनिक वेयर पर वन बेहद सुंदर दिखती है और अगर आप कुछ इस प्रकार से बन अपने बालों में बनाते हैं तो आप सबसे अलग और डिफरेंट दिखने वाले है। यह हैवी पर्ल बीड्स डिजाइन आपके लिए बेहतरीन विकल्प है जो कि खासकर दुल्हनों के लिए खास तौर पर अगर आपकी इंगेजमेंट है तो डेफिनेटली इस तरह के हेयरस्टाइल को बना सकते हैं इसमें ढेर सारे पर्ल को लगाया गया है साथ में फ्लावर के साथ ही डिजाइन को बनाया गया है और काफी यूनिक और डिफरेंट दिख रही है और पर दुल्हन पर इस तरह के बन काफी सुंदर दिखती है।
इंटरनेशनल हेयरस्टाइल अभी कुछ ज्यादा ही ट्रेंड में है, इसे बालों में पर्ल लगे होता है जो इसमें सजाने के लिए फ्लावर का इस्तेमाल करता है यह आजकल कुछ ज्यादा पसंद किया जा रहा है जैसे इंगेजमेंट हो या फिर शादी वगैरा के लिए भी इस तरह के बन एकदम परफेक्ट है और आपको डिफरेंट और यूनिक लुक देने के लिए काफी है।
कोई ड्रेस पहन रहे हैं, यानी की इंगेजमेंट हो या फिर किसी की शादी में



जो की सिल्वर कलर में आप ड्रेस पहन रहे हैं क्रिस्टल वगैरा वर्क वाले तो ऐसे में चाहते हैं कुछ डिफरेंट बन बनाना क्योंकि इस तरह के आउटफिट पर फ्लावर वाले हेयरस्टाइल देखने में उतनी अच्छी नहीं लगती है तो ऐसे में आप इस तरह के पर्ल को लगाकर बाल को बना सकते हैं जो की देखने में काफी आकर्षक और मॉडल लगती है यह सिल्वर जैसे जो की वर्क वाले होते हैं उसे तरह के ड्रेस के साथ कही जाती है और आपको एक अलग और यूनिक लुक देने के लिए एकदम काफी है। अभी कुछ इस प्रकार के हेयर में फ्लावर लाकर डिजाइन इसको बनाया गया है और आप चाहे तो इसमें रियल या फिर आर्टिफिशियल फ्लावर को लगा सकते हैं।

## जींस और ट्रॉउज़र पर पहनने के लिए शॉर्ट कुर्ती हैं सबसे पसंदीदा



इन दिनों शॉर्ट कुर्ती का काफी फैशन चल रहा है और यह आरामदायक होने के साथ ही स्टाइलिश लगती है और आप शॉर्ट कुर्ती को जींस ट्राउजर के साथ पहन सकते हैं और एक शानदार लुक पा सकते हैं। शॉर्ट कुर्ती देखने में बेहद आकर्षक लगती हैं और यह लगभग हर लड़कियां पर अच्छी लगती है। तो आप चाहे तो कैजुअल या फिर ऑफिस लुक के लिए शॉर्ट कुर्ती को ले सकते हैं यह आपके लिए परफेक्ट होती है। आपको कुछ ऐसे शॉर्ट कुर्ते दिखाएंगे जिसे आप जींस और पैंट के साथ पहन सकते हैं और यह एक बेहतरीन कांबिनेशन है। आजकल ऑफिस और कॉलेज गोइंग लड़कियां अधिकतर ही शॉर्ट कुर्तियां को पहनना काफी पसंद कर रही है। यह देखने में बेहद सुंदर दिखती है और यह आरामदायक भी होती है। तो आप ऑफिस और कॉलेज पहन कर जाने के लिए कुछ इस तरीके का शॉर्ट कुर्ती को ले सकते हैं। जो कि आप पर बेहद सुंदर देखेंगे और इसमें आप कंफर्टेबल ही फील करेंगे।





### कॉटन प्रिंटेड कुर्ती

कॉटन प्रिंटेड शर्ट कुर्तियां काफी फैशन में है और आप इसे घर में पहनने के लिए ले सकते हैं। जो कि सॉफ्ट और लाइट फैब्रिक है इसलिए बेहद ही आरामदायक होती है। इस तरह कुर्ती प्रिंटेड होती जैसे कि फ्लोर या फिर ब्लॉक प्रिंट होती है। इस कुर्ती को आप ट्राउजर के साथ पहन सकते हैं। और अगर आप ऑफिस जा रहे हैं तो कैजुअल डे के लिए आप इसे पहन सकते हैं। यह कुर्ती आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन है। इसके साथ आप स्टाइलिश बैग फ्लैट को स्टाइल करके लुक को कंप्लीट कर सकती है।

### ग्रीन शॉर्ट कुर्ता

ग्रीन में आप यह लाइट ग्रीन शॉर्ट कुर्ती ले सकते हैं की हर स्किन पर बेहद अच्छा लगता है और खासकर गर्मी का मौसम भी यह शानदार दिखता है। ग्रीन शेड्स में जैसे लाइट ग्रीन या फिर ओलिव ग्रीन बभी अच्छी लगती है।

## काले, घने और लंबे बाल के लिए घर पर बनाएं खास तेल

अगर आप भी अपने बालों को काला, घना और लंबा देखना चाहती हैं, तो आपको बालों की सही देखभाल और पोषण की आवश्यकता है। इस ब्लॉग में हम आपके लिए एक होममेड तेल रेसिपी लेकर आए हैं, जिसे आप घर पर बना सकती हैं और केवल 1 महीने में कमर तक लंबे बाल पा सकती हैं। यह तेल न केवल बालों की ग्रोथ को बढ़ाता है, बल्कि बालों को मुलायम, शाइनी और हेल्दी भी बनाता है।
एक छोटी कटोरी में नारियल तेल और बादाम तेल मिलाएं। फिर इसमें आंवला पाउडर और शिकाकाई पाउडर डालें। अब इसमें नींबू का रस डालें और अच्छे से मिलाकर तेल तैयार कर लें। इस तेल को अच्छे से मिक्स करके एक छोटे बर्तन में स्टोर कर लें।
इस तेल को हल्का गर्म करें, ताकि यह स्कैल्प में अच्छे से समा जाए। अब अपने बालों की जड़ों में अच्छी तरह से मालिश करें। मालिश से रक्त परिसंचरण बेहतर होता है, जिससे बालों की ग्रोथ बढ़ती है। मालिश करने के बाद, तेल को कम से कम 1 घंटे के लिए बालों में छोड़ दें। आप इसे रात भर भी छोड़ सकते हैं। बाद में



अपने बालों को अच्छे से माइल्ड शैम्पू से धो लें। इस तेल का उपयोग सप्ताह में 2-3 बार करें, और आपको 1 महीने के भीतर असर दिखाई देगा।
यह होममेड तेल आपके बालों की ग्रोथ को तेज करने के लिए एक बेहतरीन उपाय है। नारियल तेल, बादाम तेल, आंवला पाउडर, शिकाकाई पाउडर और नींबू का रस बालों के लिए बहुत फायदेमंद हैं। ये सभी सामग्री बालों को न सिर्फ घना और लंबा बनाती हैं, बल्कि इन्हें हेल्दी भी रखती हैं। अगर आप नियमित रूप से इस तेल का इस्तेमाल करती हैं, तो आपको अपने बालों में जबरदस्त परिवर्तन दिखेगा।

## पहनती हैं हिजाब तो देखें वेराइटी, लुक्स होगा सबसे बेस्ट

बहुत सी महिलाएं और लड़कियां हिजाब बांधकर अपने सिर को कवर करके रखती हैं। जो महिलाएं हिजाब का इस्तेमाल करती हैं, उनके लिए कई बार काफी परेशानी आ जाती है कि वो कैसे तैयार हों, कि सबसे खूबसूरत दिखें।



### प्लाजो सूट

कुछ सिंपल लेकिन देखने में हैवी सूट पहनना है तो प्लाजो सूट का चयन करें। ऐसा प्लाजो सूट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। नीले रंग के साथ सूट के साथ आप बेज रंग का हिजाब कैरी कर सकती हैं। उसी के मैचिंग का शरारा या प्लाजो भी आप कैरी कर सकती हैं। इसके साथ प्लाजो के मैचिंग का हिजाब पहनें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे।

### शरारा सूट

अक्सर ज्यादातर महिलाएं शरारा सूट पहनना पसंद करती हैं। यदि आपको भी शरारा पसंद है तो सबा के जैसा हरे रंग का शरारा पहनें। इसके साथ चाहें तो कॉन्ट्रास्ट रंग का हिजाब पहनें, ताकि आपका लुक अलग और प्यारा दिखे।

### चिकनकारी सूट

गर्मी के मौसम में कुछ हल्का पहनना है चिकनकारी सूट से बेहतर कुछ नहीं है। चिकनकारी सूट के साथ

### नायरा कट सूट

नायरा कट सूट आज-कल काफी ट्रेंड में है। इसलिए आप हिजाब के साथ ऐसा नायरा कट सूट भी ईद के दिन कैरी कर सकती हैं। इसके साथ मैचिंग की जगह कॉन्ट्रास्ट रंग का हिजाब पहनें। हाथों में चूड़ियां पहनकर अपने लुक को पूरा करें।

### फ्लोरल अनारकली

गर्मी का मौसम है, ऐसे में ऐसा फ्लोरल अनारकली सूट भी ईद में पहन सकती हैं। फ्लोरल प्रिंट का सूट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा। इस तरह के शिफॉन फैब्रिक के सूट में आप लगेंगी भी काफी कमाल की।

### कार्नर न्यूज

### दिखी नारी शक्ति, स्टाइलिश अंदाज में नजर आईं जया से निर्मला तक

## गर्मी के मौसम में हमारे जनप्रतिनिधियों का लुक है राहत देने वाला, संसद में छाया माननीयों का स्टाइल

संसद में महिला नेताओं ने गर्मी के लिए स्टाइल स्टेटमेंट और ट्रेंडी फैशन सेंस का शानदार प्रदर्शन किया। कंगना रणौत से लेकर प्रियंका गांधी, और जया बच्चन से निर्मला सीतारमण तक का साड़ी लुक खास रहा।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य पूर्व में चल रही जंग पर संसद की दोनों सदनों को संबोधित किया। जहां एक ओर पूरे देश का ध्यान पीएम मोदी के संबोधन पर रहा तो वहीं दूसरी ओर नवरात्रि के इस पावन मौके पर सदन में भी नारी शक्ति देखने को मिली। लोकसभा से लेकर राज्यसभा की बैठक के लिए जब महिला नेता सदन पहुंचीं तो हर किसी का ध्यान उन पर ही गया।
अधिकतर महिला नेता इस मौके पर साड़ी पहनकर पहुंचीं। महिला नेताओं का स्टाइलिश और गरिमामय अंदाज अक्सर चर्चा में रहता है। एक ओर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की हैंडलूम साड़ियां तो दूसरी ओर कंगना रणौत का पारंपरिक में माडर्न टच, तो वहीं महुआ मोइत्रा का एक्सपेरिमेंटल स्टाइल हमेशा से ही सोशल मीडिया



पर छाया रहता है। इस बार भी पावर साड़ी के जरिए इन महिला नेताओं ने फैशन और राजनीति का बेहतरीन संतुलन दिखाया। गर्मी के मौसम में इन नेताओं का लुक राहत देने वाला भी रहा, साथ ही गरिमा और स्टाइल का मिश्रण भी बना। तस्वीरों में देखिए संसद पहुंची इन महिला नेताओं का स्टाइल और उनके फैशन सेंस से इस गर्मी के लिए आप भी प्रेरणा लीजिए।

### प्रियंका गांधी वाड्रा और शांभवी चौधरी

सोमवार को लोकसभा सदन पहुंचीं प्रियंका गांधी ने गहरे नीले रंग की साड़ी पहनी थी, जिसमें हल्के पैटर्न और कॉन्ट्रास्ट बॉर्डर है। उन्होंने साड़ी को बेहद सलीके से कैरी किया है, साथ में सिंपल ब्लाउज, हल्का मेकअप और छोटे ईयररिंग्स उनके लुक को एलिगेंट बनाते हैं। उनके हाथ में ब्लैक हैंडबैग है, जो प्रोफेशनल टच देता है। दूसरी तरफ शांभवी चौधरी हैं, जिन्होंने ब्लैक-एंड-व्हाइट प्रिंटेड साड़ी पहनी, साथ में सॉलिड ब्लैक ब्लाउज को पेयर किया। बड़े फ्रेम का चश्मा, बिंदी और बंधे हुए बाल उन्हें इंटेलेक्चुअल और कॉन्फिडेंट लुक दे रहे हैं।

### डीएमके सांसद की कलमकारी प्रिंट साड़ी

संसद पहुंचीं डीएमके सांसद डॉ. टी. सुमति ने अपने लुक से पूरी तरह पारंपरिक भारतीय खूबसूरती को दर्शाया। इन्होंने पीले और गुलाबी रंग की कलमकारी प्रिंट की साड़ी पहनी है। इस साड़ी पर लोककला से प्रेरित डिजाइन बने हैं, जो इसे खास और आकर्षक बना रहे हैं। साड़ी के साथ उन्होंने मैचिंग पीले रंग का ब्लाउज पहना है, जो पूरे लुक को संतुलित करता है। माथे पर बिंदी, हल्के गहने और सादगी भरा मेकअप उनके व्यक्तित्व को और निखारते हैं। हाथ में साधारण बैग और फ्लैट चप्पल उनके लुक को आरामदायक बनाते हैं। उनका स्टाइल पारंपरिक, सशक्त और आत्मविश्वास से भरा हुआ लगता है। साथ ही गर्मियों के लिए सहज है।

